# मेट्रो Rays


आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 13 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 333 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 बढ़ती जनसंख्या से परेशानी

'खेल-खेल में' बाजी मारने के लिए तैयार हैं अक्षय कुमार 6







# मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस को लेकर मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाले मुख्य समारोह से पहले रिहर्सल का यह आखिरी दिन होता है, जिसमें सभी प्लाटून फुल ड्रेस रिहर्सल करते हैं। रांची में फूल ड्रेस रिहर्सल कमिश्नर की अगुवाई में किया गया।

मोरहाबादी मैदान में स्वंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित होना है। ऐसे में रांची कमिश्नर, डीसी और एसएसपी की निगरानी में सभी प्लाटूंस ने मंगलवार को फूल ड्रेस रिहर्सल में भाग लिया। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह में किस तरह से हर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उन सब का प्रेक्टिस किया गया। मसलन मंच पर मुख्य



अतिथि और दूसरे वीआईपी गेस्ट के बैठने की जगह क्या होगी, मुख्य अतिथि द्वारा वीरता पदक से नवाजे गए पुलिस अफसरों को किस तरह से पदक प्रदान किया जाएगा, इन सब की प्रैक्टिस की गई।

15 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में होने वाले मुख्य समारोह में झारखंड पुलिस के अलग-अलग विंग के अलावे इस बार बिहार पुलिस भी हिस्सा ले रही है। बिहार पुलिस के साथ साथ कुल 13 बटालियन परेड में हिस्सा लेंगी। जिनमें सीआईएसएफ, आईटीबीपी, झारखंड जगुआर, जेएपी 01, जेएपी 10, एसएसबी, एनसीसी, स्काउट, रांची पुलिस (महिला और पुरुष बटालियन) और होमगार्ड शामिल हैं। 15 अगस्त को 9 बजे मोरहाबादी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोतोलन करेंगे। मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन में कोई त्रुटि ना रह जाए, इसके लिए मोरहाबादी मैदान 200 पुलिस बल के साथ साथ 50 से अधिक मजिस्ट्रेट के अलावा सादे लिबास में भी जवान तैनात रहेंगे। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि फूल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवा लिया गया है। मोरहाबादी मैदान में होने वाले मुख्य समारोह में पदक से सम्मानित किए गए पुलिस अफसर और कर्मियों को मेडल प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही एक नई परंपरा के तहत अब दूसरे राज्य की पुलिस भी परेड में हिस्सा लेना शुरू कर रही है। इसके तहत इस बार झारखंड में बिहार पुलिस परेड में हिस्सा ले रही हैं।

## हाईकोर्ट ने घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का दिया निर्देश




मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्पेशल ब्रांच का इस्तेमाल कर संथाल इलाके में बांग्लादेशी मूल के घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दानयाल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने 8 अगस्त को यह आदेश पारित किया है। जनहित याचिका पर हुई सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि जिला प्रशासन संथाल के छह जिलों में पहचान के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले उस व्यक्ति की भूमि व अन्य दस्तावेजों का मिलान करें।

इस मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को: हाईकोर्ट ने दानयाल दानिश की जनहित याचिका में सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी के महानिदेशक, भारतीय चुनाव आयोग, इंटेलिजेंस ब्यूरो के महानिदेशक और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के निदेशक को भी प्रतिवादी बनाया है। प्रार्थी का पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि वर्ष 1951 से 2011 के बीच घुसपैठियों के प्रवेश करने से संथाल में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या में 44.67% से 28.11% की गिरावट आयी है। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम जनसंख्या में 9.44% से 22.73% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। अदालत अब इस मामले में 22 अगस्त को सुनवाई करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर 20 अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की ओर से गिरफ्तार करने और ट्रायल कोर्ट के सीबीआई हिरासत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 20 अगस्त को सुनवाई करेगा। आज केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने 20 अगस्त को सुनवाई का आदेश दिया।



उल्लेखनीय है कि पांच अगस्त को दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की सीबीआई गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट के सीबीआई हिरासत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट ने केजरीवाल को सीबीआई की गिरफ्तारी को सही करार दिया था। सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। उसके पहले ईडी ने 21 मार्च की देरशाम अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए 1 जून तक की अंतरिम जमानत देते हुए अगले दिन सरेंडर करने का आदेश दिया था। केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर कर दिया था। ईडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी।

## ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत



**कोडरमा:** कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी स्थित प्रकाश होटल के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अर्जुन राणा ( 38 ) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से घर से तिलैया काम करने जा रहा था। प्रकाश होटल के समीप ट्रेलर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार उक्त व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



## झारखंड में मॉनसून फिर हुआ सक्रिय, रांची सहित कई जिलों में आज भारी बारिश का अनुमान

**रांची:** झारखंड में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इस कारण आज से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। सोमवार को भी रांची में झमाझम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने पूवार्नुमान लगाया है कि 13 अगस्त को राजधानी रांची के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। 16 अगस्त के बाद ही मॉनसून थोड़ा कमजोर हो सकता है। मौसम विभाग की मानें तो 13 अगस्त यानी कि मंगलवार को राजधानी के अलावा गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, रांची, लोहरदगा में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

**14 और 15 अगस्त को इन जिलों में बारिश का अनुमान:** जबकि 14 अगस्त को गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 15 अगस्त को देवघर, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 16 अगस्त को सरायकेला-खरसांवा, रांची, बोकारो, जामताड़ा, धनबाद, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भी कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

**धनबाद में हुई 92 मिमी बारिश:** सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में मॉनसून सक्रिय रहा। धनबाद में करीब 92 मिमी बारिश हुई। इसके अतिरिक्त गोविंदपुर में 74, डालटनगंज में 70, बालूमाथ में 65, महेशपुर में 60, मझगांव में 55, लातेहार में 55 मिमी बारिश हुई। राजधानी में भी शाम के बाद अच्छी बारिश हुई। दिन भर आकाश में बादल रहा। देर शाम तक राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होती रही।

### भागलपुर पुलिस लाइन में महिला सिपाही के पति का खूनी खेल

# मां-पत्नी और बच्चों की हत्या बाद कर ली खुदकुशी

### अवैध संबंध के शक में की गयी हत्या, कई मामलों पर जांच कर रही है पुलिस

**भागलपुर:** पुलिस लाइन में पांच लोगों की संदिग्ध हालत में मौत के मामले से सनसनी फैली हुई है। पुलिस लाइन के क्वार्टर से एक महिला सिपाही और उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों की लाश मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में सनसनी फैल गयी। आनन-फानन में पुलिस के वरीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। घटनास्थल पर डीआईजी, एसएसपी, सिटी एसपी, सिटी डीएसपी, डीएसपी लाइन सहित दर्जनों पदाधिकारी व कर्मी मौजूद हैं।

**पत्नी, बच्चे और मां की हत्या करके कर ली खुदकुशी:** पुलिस ने घटनास्थल पर जाने से सभी को रोका है। पुलिस लाइन में प्रवेश वाले सभी दरवाजों को सील किया गया है। पुलिस को मौके पर से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें महिला सिपाही के पति ने हत्या की बात को स्वीकारा है। चर्चा है कि सिपाही पत्नी सहित दो बच्चों और





अपनी मां की हत्या कर युवक खुद फंदे से लटक गया। हालांकि पहले नीतू के द्वारा बच्चों और सास की हत्या किए जाने की भी चर्चा तेज है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**डीआइजी ने घटना के बारे में बताया :** कांस्टेबल नीतू कुमारी, उसके दो बच्चों और नीतू की सास का शव मिला है, चारों का गला रेता गया है। जबकि नीतू के पति का शव टंगा हुआ मिला है। भागलपुर के डीआइजी विवेकानंद भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि मृतक परिवार के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। मृतक महिला सिपाही नीतू कुमारी 2015 बैच की हैं। आसपास के पुलिस कर्मियों से पूछताछ में पता चला है कि पति-पत्नी में आपस में कई दिनों से विवाद चल रहा था। कल शाम में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। हालांकि ये घटना कल्पना से परे है।

**सुसाइड नोट में अवैध संबंध का जिक्र:** डीआजी ने कहा कि दोनों के बीच का झगड़ा सड़क पर भी कई बार आ जाता था। एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें अवैध संबंध का आरोप पति ने लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

पंकज और नीतू के दो बच्चे थे। बेटा शिवांश उर्फ शीबू साढ़े चार साल का और बेटी श्रेया साढ़े तीन साल की थी। सूत्र बताते हैं कि नीतू के पति ने सुसाइड लेटर में जिक्र किया है कि नीतू ने बच्चों और अपनी सास की हत्या गला रेतकर कर दी। जिसके बाद पंकज ने नीतू की हत्या ईंट से कूचकर और चाकू मारकर कर दी। हालांकि पूरे मामले का खुलासा पुलिस जांच के बाद होगा। पुलिस इस घटना की गुत्थी सुलझाएगी। वहीं चर्चा है कि घटना के दौरान किसी तरह का शोर नहीं हुआ। जब मंगलवार की सुबह दुध वाला रोज की तरह पहुंचा तब घटना बाहर आयी।

**दोनों ने किया था प्रेम विवाह:** कांस्टेबल नीतू बक्सर तो उसका पति पंकज है जो आरा का रहने वाला था। दोनों के दो बच्चे थे जिनकी हत्या इस घटना में हो चुकी है। मौके पर से बरामद सुसाइड नोट में पंकज ने अपनी पत्नी पर किसी दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध होने का जिक्र किया है। उसने हत्या की बात को भी स्वीकारा है। बता दें कि कांस्टेबल नीतू और पंकज ने प्रेम विवाह किया था। पहले दोनों एक मॉल में काम करते थे। फिर नीतू ने कुछ साल पहले कांस्टेबल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसके बाद उसने ट्रेनिंग संपन्न होने पर पंकज से विवाह कर लिया था। नीतू पहले नवगछिया में तैनात थी। वर्ष 2022 में उसका तबादला भागलपुर में हुआ था। वहीं इस हत्याकांड मामले की जांच के लिए ऋछ की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# नक्सलवाद पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने की बनी रणनीति

मेट्रो रेज



**रांचीः** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नक्सलवाद की समस्या पर कार्रवाई के लिए प्रभावित राज्यों के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित अंतर्राज्यीय समन्वय के लिए आयोजित बैठक में सोमवार को भाग लिया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के जरिये वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में झारखंड पुलिस मुख्यालय सभागार से डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान डॉ. संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी अभियान एवी होमकर, डीआईजी कार्तिक एस सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान डीजीपी के जरिये झारखंड के संदर्भ में मुख्य रूप से प्राप्त आसूचना को स-समय सक्रिय रूप से साझा करने, नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों पर नकेल कसने एवं सभी स्तरों पर अंतर्राज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना की रूप-रेखा पर चर्चा की गई।

आईजी अभियान ने राज्य के सभी सीमावर्ती क्षेत्र में क्रियाशील नक्सलियों की गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए आपस में ससमय आसूचना के आदान प्रदान पर बल दिया। साथ ही झारखंड के सीमावर्ती राज्यों-ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों के दौरान समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर जोर दिया। इस बैठक में सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ अलग-अलग बिन्दुओं एवं वर्त्तमान नक्सल परिदृश्य पर सभी राज्यों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में हाल के दिनों में झारखंड पुलिस के जरिये नक्सलियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियानों के दौरान आपसी संबंध, एक दूसरे से सहयोग एवं समय पर प्राप्त आसूचना पर तत्काल कार्रवाई के बिन्दु पर काफी जोर दिया गया, साथ ही सभी राज्यों के जरिये उनके राज्य में सक्रिय नक्सलियों और उसके सहयोगियों के बारे में सूचनाओं का आदान प्रदान करने की बात कही गयी। सीमावर्ती राज्यों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय स्थापित करते हुए नक्सलवाद पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने एवं तत्काल सुदृढ़ कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा सीमावर्ती राज्यों से समन्वय पर जोर दिया गया।

# पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशिभूषण मेहता ने 66 योजनाओं की रखी आधारशिला



**पलामूः** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलाम्बर-पीताम्बरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशिभूषण मेहता ने सोमवार को अपने विधायक कोटे से कुल 68 योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं की लागत 3 करोड़ 50 लाख है। शिलान्यास किया।

मौके पर विधायक डा. मेहता ने कहा कि सारी योजनाओं के पूर्ण हो जाने से कई तरह की सुविधाएं बहाल होंगी और लोगों को सहुलियत मिलेगा। विधायक ने कहा कि 65 योजनाओं में रामविलास पासवान की मूर्ति अधिष्ठापन, पार्क का निर्माण, अंबेडकर भवन, चबूतरा, नाली, छठ घाट सहित 10 से 12 योजनाओं को पूरा किया जाना है। 15 से 20 दिनों में सारी योजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। कल तक जो गांव और गली अपेक्षित थे वहां पर रौनक लौटेगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव भी नजदीक है। ऐसे में पूरी शक्ति लगाकर पुनः चुनाव मैदान में जाना है। जीत सुनिश्चित कर अधूरे कार्यों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विधायक कोटे की राशि से सिलाई मशीन वितरण किया गया है। यह महिलाओं को स्वावलंबी बनाएगा। उनकी आर्थिक आधार को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि पहले लोग विधायक और विधायक कोटे की राशि से योजनाओं का लाभ क्या होता है इसके बारे में नहीं जानते थे, लेकिन अब उनके विधायक बनने से कुछ बदल गया है।

## सीसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत



**खलारीः** एनके एरिया के केडीएच परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी करण कुमार की सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानाकरी के अनुसार करण कुमार पिपरवार के कारो गांव का रहने वाला था। सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल नम्बर जेएच 01सीवी 4180 से डयुटी करके वापस अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में खलारी डकराझपिपरवार मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने करण को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल करण को डकरा अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही कई श्रमिक प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इस दौरान मृतक के परिजनों के अलावा श्रमिक प्रतिनिधियों ने केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह को ज्ञापन देकर मृतक के आश्रित को नौकरी सहित मिलने वाले अन्य लाभ देने की मांग की है। इस मौके पर कृष्णा चौहान, इकबाल हुसैन, सुनील कुमार सिंह, विनय सिंह मानकी, रामचन्द्र उरांव, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रामलखन गंझू, उदय सिंह, हरेंद्र सिंह,मो. इस्लाम सहित कई श्रमिक प्रतिनिधि एव ग्रामीण मौजूद थे।

## होमगार्ड जवानों को अब रोज मिलेगा 1088 रुपया

**रांचीः** झारखंड के होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के बराबर दैनिक मानदेय मिलेगा। अभी उन्हें रोजाना 500 रुपए मिलते हैं, लेकिन बढ़ोतरी के बाद रोज 1088 रुपए मिलेंगे। इस संबंध में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सोमवार को स्वीकृति दे दी है। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि यह आदेश संकल्प की निर्गत तिथि से प्रभावित होगी। इससे पहले गृ?ह विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंजूरी दे दी थी। उल्लेखनीय है कि होमगार्ड के जवान लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। होमगार्ड एसोसिएशन 2017 में हाईकोर्ट गया था, जहां उनके पक्ष में फैसला आया था।

# पहाड़ी मंदिर में भगवान भोलेनाथ को डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



मेट्रो रेज

**रांचीः** सावन मास की चौथी सोमवारी पर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। सोमवार अहले सुबह से ही भक्त पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक के लिए कतारवध दिखे। तड़के तीन बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय और बादल सिंह के जरिये संयुक्त रूप से पूजा किया गया।

पूजा के बाद अरघा लगा कर सभी भक्तों के लिए पट खोला गया। लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया। बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज उठा। पूरे मंदिर परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि आज रांची एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तों का जनसैलाब दिखा। समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि भक्तों के बीच महाप्रसाद को लेकर काफी उत्साह था। सभी भक्त कतारबद्ध होकर महाप्रसाद क्रय कर रहे थे। सभी भक्तों से प्रसाद को लेकर सुझाव भी लिया गया। राजेश साहू ने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि वह महंगे आभूषण पहन कर भीड़ भाड़ में ना आये।

जिला प्रशासन और रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य, स्वयंसेवी संस्था के लोग प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक मौजूद थे। सभी भक्तों के सुरक्षा एवं बेहतर सुविधा के लिए तत्पर दिखे। सभी भक्तों के लिए ऊपर मंदिर में लोटा और जल का व्यवस्था किया गया था। साथ ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा था। संध्या में पहाड़ी बाबा का विशेष श्रृंगार एवं छप्पन भोग के साथ महाआरती किया गया। इसके अलावा रांची के कांके, कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना सुबह से देर शाम तक करते देखे गए।



## सावन की चौथी सोमवारी पर आम्रेश्वर धाम में डेढ़ लाख लोगों ने किया बाबा का जलाभिषेक

**खूंटीः** पवित्र सावन महीने की चौथी सोमवारी पर क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी सहित जिला के अन्य शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

लगभग डेढ़ लाख लोगों ने बाबा भोलनाथ का जलाभिषेक किया। प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम के स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक और पूजन अर्चन के लिए दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु रविवार रात से ही यहां पहुंचने लगे थे और देर रात से ही मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के साढ़े तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान घंटों कतार में खड़े भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट और प्रबंध समिति के सदस्य व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। तड़के प्रारंभ हुए पूजन अर्चन का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा। साथ ही बोल बम तथा हर हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।

इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी व सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा-अर्चना के बाद दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही दंडाधिकारियों के साथ काफी संख्या में महिला-पुरुष बल के जवानों की तैनाती की गई है। मेले में लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कई सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जलाभिषेक के लिए आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसे ध्यान में रख बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्रनाथ शाहदेव व महामंत्री मनोज कुमार के अलावा संतोष पोद्दार, श्रीपाल जैन, सुखदेव भगत, कैलाश भगत, आनंद वर्मा, अरुण कर, प्रेमचंद महतो, जगदीश नाग, उपेंद्र कश्यप, पहलाद कुमार, दुर्गा महतो, प्रेमानंद तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, रविकांत मिश्रा, ओम प्रकाश कुमार, दिलीप कर, सत्यजीत कुंडू, हीरा साहू, सुरेंद्र कुमार, केसरी कुमार, दीपक सिंह, गोविंद साहू, मोतीलाल साहू, रोशन भगत, नीरज पाढ़ी , नरेश साहू आदि प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्य पूरे दिन धाम परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे। दूसरी ओर शहर के पुरातन महादेव मंडा सहित अन्य शिवालयों में भी जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के पुरातन महादेव मंडा, तोरपा के बाबा नागेश्वर धाम सहित अन्य मंदिरों में भी दिन भर भक्तों की भीड़ लगी रही। देर शाम आयोजित पारंपरिक श्रृंगार पूजन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सतगावां में डायरिया से बच्चे की मौत, कई बीमार

**कोडरमाः** जिले के सतगावां प्रखंड के कटैया पंचायत के दुमदुम्मा गांव के मुसहरिया टोला में डायरिया फैल गया है। डायरिया से एक बच्चे की मौत हो गई है और कई लोग पीड़ित हैं। इसमें एक अन्य महिला पूनम देवी (30) का बिहार राज्य के गोविंदपुर स्थित निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। सभी पीड़ित महिला और बच्चे अलग-अलग परिवार से हैं। दरअसल, गंदगी व महुआ शराब के सेवन से भी डायरिया की चपेट में आने की बात कही जा रही है। पीड़ित परिवार कारू मांझी के अनुसार मृतक नीरज कुमार की तबियत अचानक खराब हो गयी। ग्रामीण चिकित्सक दशरथ प्रसाद से दस्त का दवा लिए कुछ देर बाद बच्चे की स्थिति काफी बिगड़ने लगा और बच्चे की मौत हो गई। इसके अलावा करण कुमार (21), धर्मपाल मुसहर (12), वकील मुसहर (4), पूजा कुमारी (7) सहित कई लोग बीमार हैं। टोला में सबसे पहले नीरज कुमार को उल्टी-दस्त होने लगी। बाद में अन्य लोगों को धीरे-धीरे उल्टी और दस्त होने लगी। रविवार को जब स्थिति बिगड़ने लगी तब इसकी जानकारी वहां के सहिया संगीता देवी को मिली। सहिया ने एएनएम सुधा कुमारी को इसकी सूचना दी। कैंप लगाकर डायरिया के प्रकोप में आये बीमार लोगों को इलाज किया जा रहा है। एक महिला पूनम देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से गोविंदपुर स्थित निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है।

### करंट से व्यक्ति की मौत

**लोहरदगाः** कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी पंचायत के सुकुरहुटू गांव में सोमवार को मवेशी के झाड़ी में फंसे होने के बाद निकालने खेत पर पहुंचे अधेड़ की विद्युत करंट से मौत हो गई। बताया जाता है कि सुकुरहुटू गांव निवासी बढ़न साहू अपने मवेशियों को खेत में चराने के लिए ले गया था। मवेशी एक झाड़ी में फंसा गया उसे छुड़ाने के लिए अधेड़ मौके पर पहुंचे। इसी बीच जमीन के नीचे गिरे विद्युत तार में पैर फंस गया तथा मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गई। मामले की जानकारी तब हुई जब मवेशी जोर - जोर से चिल्लाने लगे। परिजन मौके पर पहुंचे तथा अधेड़ को एक निजी क्लिनिक में पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बंद मृत घोषित कर दिया।

### आदिति कुमारी सिंगपुर से लापता



**मुरीः** मुरी ओपी अन्तर्गत सिंगपुर निवासी आदिति कुमारी उम्र 16 बर्ष गत संध्या से लापता है। पुलिस खोजबीन शुरू कर दी है। लड़की का हुलिया चेहरा गोल,उंचाई 5' फीट,लाल की शर्ट और काला पेंट है। पिता जय प्रकाश राम है।

### कांग्रेसजनों ने बीडीओ से की शिष्टाचार मुलाकात



**मुरीः** जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड के कांग्रेस पदाधिकारियों ने बीडीओ रेणु बाला से शिष्टाचार मुलाकात कर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदन जमा होने की प्रगति जानकारी ली और आग्रह किया कि सिल्ली प्रखंड से अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना में जोड़ कर लाभ दिया जाए।यह योजना इंडिया गठबंधन की महत्वाकांक्षी योजना है जो निर्धन महिलाओं के जीवनस्तर और खानपान में आमूल चूल परिवर्तन लायेगी। जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बीडीओ से आग्रह किया कि इस कार्य में लगाये गये आंगनबाड़ी सेविका,पंचायत सेवक, प्रज्ञा केंद्र संचालक,कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित सभी सरकारी कर्मियों को अहर्ता रखने वाली महिलाओं का आवेदन भरने की प्रक्रिया में सहयोग करने का निर्देश दें। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विकास रजक, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मंजूर मोमिन, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो,पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, रमजान अंसारी, मो कलाम अंसारी सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### सीसीएल. में राजभाषा तकनीकी पर दो-दिवसीय कायार्शाला



**रांचीः** सीसीएल. मुख्यालय, रांची स्थित प्रकाश हॉल में राजभाषा तकनीकी पर आयोजित दो-दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। जिसका मुख्य विषय उच्चस्तरीय एमएस ऑफिस व कृत्रिम मेधा था। कायार्शाला का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मुख्य प्रबंधक, एडवांस माइक्रोसाफ्ट के विशेषज्ञ श्री ओम प्रकाश अग्रवाल थे। इस कार्यशाला में मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के कार्मिकों ने भाग लिया। अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ऑफिस के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी कंम्प्यूटर की अनिवार्यता हो गयी है। उन्होंने आगे कहा कि आज का कार्यशाला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बेहतर तकनीक के साथ राजभाषा को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है। हम सभी क क्षेत्र में आते हैं। इस कार्यशाला से भरपूर लाभ लेने का प्रयास करें और अपने साथी कर्मी से भी इस ज्ञान को साझा करें, तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य सही रूप में पूरा होगा। कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाप्रबंधक (अ.स्था. /राजभाषा) संजय ठाकुर ने कहा कि हमारे दैनिक कार्यनिष्पादन में एमएस वर्ड, एक्सेल से संबंधित जो भी समस्या आती है वह इस कार्यशाला से निश्चय ही हल हो सकता है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को कंम्प्यूटर के नवीनतम तकनीक विशेषकर एम एस वर्ड को बहुत ही बारीकी रूप से समझाया ।

समाचार सार

## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान 13 ई-रिक्शा जब्त



**रांची:** ट्रैफिक पुलिस ने जाकिर हुसैन पार्क में बिना रूट पास के ई-रिक्शा चलाने वाले के विरूद्ध जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बिना रूट पास के कुल-13 ई-रिक्शा जब्त किये गये । ट्रैफिक डीएसपी शिव प्रकाश कुमार, के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में कांके रोड में स्कूल बस के चालकों के विरूद्ध ड्रंकन टेस्ट अभियान चलाया गया, जिसमें जांच के दौरान कुल 12 स्कूल बस के ड्राईवर का ड्रंकन टेस्ट किया गया। ड्रंकन टेस्ट करने के दौरान केराली स्कूल का बस नंबर( जेएच 01एएम 4156 ) के चालक चापा महली का ड्रंक टेस्ट किये जाने पर पॉजिटिव पाया गया, जिसके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही रेडियम चौक से जेल चौक, लालपुर चौक एवं डंगरा टोली चौक तक नो पार्किंग में खड़ा किये जाने वाले चार पहिया वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई चार पहिया वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा पाया गया, जिस पर अविलम्ब गाडी हटाने और नहीं हटाये जाने पर कानूनी कार्रवाई किये जाने संबंधी पम्पलेट चिपकाया गया । पम्पलेट चिपकाये जाने के बाद भी चार पहिया वाहन संख्या (सीजी 15 डीके 4397 ) और (जेएच-01- ई डब्लू 2231) नो पार्किंग स्थल से नहीं हटाया गया। इन दोनों वाहनों को टोईंग वेहिकल से टोईंग कर लालपुर यातायात थाना कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा गया।

## किसान मोर्चा पलामू प्रमंडल के प्रभारी बने राजीव नाथ शाहदेव



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के दिशा निर्देश में झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने राजीव नाथ शाहदेव को किसान मोर्चा पलामू प्रमंडल का प्रभारी नियुक्त किया है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की ली जानकारी




**कोलेबिरा :** झामुमो केंद्रीय सदस्य फिरोज अली ने कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया एवं शाहपुर पंचायत में पहुंच कर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की जानकारी लेते हुए बैनर लगाए जरूरत पड़ने से फार्म का भी उपलब्ध कराया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य फिरोज अली झामुमो नेता समीर हाशमी बसंत खड़िया जागेश्वर बड़ाईक लालमुनी देवी, बसंती कुमारी, रेश्मी चौहान, शुगड़ मुंडा साथ में थे।

## काम पर भरोसा करती है झापा: एनोस



**कुरडेग:** झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का सोमवार को प्रखंड के जिलपी गांव का भ्रमण किया। मौके पर गांव के ग्रामीणों ने व्याप्त समस्याओं को अवगत कराते हुए निराकरण करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य से संबंधित समस्या रखते हुए सहयोग की अपील की। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झापा काम पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि झापा ने काम करके दिखाया है और आगे भी लोगों के सहयोग से जनहित और मानव कल्याण का कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता के परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में जनता परेशान है। वहीं उन्होंने गांव की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की बात कही। पूर्व मंत्री ने आगामी विस चुनाव में एक बार फिर झापा को समर्थन देने की अपील की। मौके पर आईरीन एक्का ने भी संबोधित करते हुए कहा कि बेटी बनकर एक-एक घर की समस्या को दूर करने का काम करूंगी। मौके पर हर्ष बरला, अजीत किंडो, विनोद बारला, आनंद, पवन, अभिषेक अनूपा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा:-** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पहले माह में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह 2024 में कुल 289 वाहनों की जांच की गई। जिसमें बिना हेलमेट के 98 चालक, अनुज्ञप्ति के 43, टेम्पो के 67 एवं अन्य व्यावसायिक वाहन 81 का जांच की गयी गया। जिसके विरुद्ध कुल- 1551086 रुपए राशि का दंड वसूली गयी। साथ ही जून 2024 में 12 सड़क दुर्घटना हुई थी जिसके तुलना में जुलाई माह 2024 में 04 सड़क दुर्घटना से संबंधित मामले सामने आए।

### कोलकाता की डॉक्टर से दरिंदगी मामले में झारखंड में बवाल

# रिम्स के जूनियर डॉक्टर आज से ओपीडी और ओटी में नहीं देंगे सेवा

मेंट्रो रेज

**रांची :** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज की पीजी छात्रा से बलात्कार के बाद उसकी हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टर मंगलवार से कार्य बहिष्कार करेंगे। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) की सोमवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद जेडीए अध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि जूनियर डॉक्टर मंगलवार से ओपीडी और रूटीन सर्जरी की सेवाओं को बंद रखेंगे। नये मरीज भी एडमिट नहीं किये जायेंगे। हालांकि, सभी प्रकार की इमरजेंसी सेवाएं बहाल रहेंगी। इमरजेंसी में जूनियर डॉक्टरों की संख्या बढ़ायी जायेगी। वार्ड में पहले से भर्ती मरीजों का इलाज पूर्ववत चलता रहेगा।

**रिम्स के निदेशक बोले- मुझे कार्य बहिष्कार की जानकारी नहीं**

अंकित कुमार ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थी हमेशा असुरक्षित रहते हैं। विशेषकर छात्राएं सबसे ज्यादा, क्योंकि रात में सेवा देने के बाद उनको हॉस्टल जाना पड़ता है और सुरक्षा के नाम पर




अस्पतालों में कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं होती है। ओपीडी और ओटी में सेवा नहीं देने की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव, रिम्स निदेशक और डीन को दे दी गयी है। इधर, रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार ने बताया कि उन्हें जेडीए के कार्य बहिष्कार के संबंध में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। अगर समस्या उत्पन्न होती है, तो वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

**विद्यार्थियों की क्या है मांगें:**

कोलकाता में हुई घटना की निष्पक्ष जांच के लिए मामले को तुरंत सीबीआइ को सौंपा जाये।

डॉक्टरों का कार्यस्थल सुरक्षित हो और केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम का इस मामले में पालन हो। बंगाल में घटना के बाद चिकित्सा से जुड़े लोगों में रोष है। उनकी मांगों पर सरकार को अवलंब ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान डॉ आकाश ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि कोलकाता में जिस तरह से दरिंदगी की घटना हुई है, इससे पूरा देश शर्मसार है। मरीज व लोगों की जान बचाने वाले चिकित्सक के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर उनकी हत्या कर दिया जाना किसी भी नैतिक समाज के लिए हृदय विदारक है। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि आज मंगलवार को सभी डॉक्टर चाहे निजी व सरकारी संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे हों, सांकेतिक रूप से विरोध-प्रर्दशन करते हुए काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे ।केंद्रीय व पश्चिम बंगाल आइएमए की ओर से मंगलवार को होने वाले निर्णय की प्रतीक्षा की जायेगी। बताया कि चिकित्सकों की ओर से 48 घंटे का अल्टीमेटम मंगलवार को पूरा होने वाला है।



## स्वतंत्रता दिवस को लेकर होटल और लॉज में पुलिस ने की चेकिंग

**रांची:**राजधानी रांची के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित होटलों और लॉज की 15 अगस्त को लेकर पुलिस ने चेकिंग की। एसएसपी के निर्देश पर यह चेकिंग की गयी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार की देर रात कई होटल के कमरों की तलाशी ली। साथ ही कमरे में ठहरने वाले लोगों के बारे में पूरी जानकारी ली। होटल और लॉज के रजिस्टर को चेक किया। जांच के दौरान ऐसे लोगों से विशेष पूछताछ की गयी, जो बाहर से आकर ठहरे थे। हालांकि, पुलिस को किसी भी होटल के कमरे से कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु बरामद होने की आधिकारिक सूचना सामने नहीं आयी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 15 अगस्त को लेकर रूटीन चेकिंग की गयी।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने सुनील सिंह



मेट्रो रेज

**रांची:** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू सुनील कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। पवन साहू ने मनोनयन करते हुए कहा कि इनके मोर्चा से जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए लागू किए गए योजनाओं को झारखंड के किसानों तक लाभ कैसे पहुंचे इसके लिए मीडिया के माध्यम से सभी किसानों तक उक्त योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगी, ताकि किसानों को लाभ मिल सके।

वहीं सुनील कुमार सिंह ने अपने मनोनयन पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्रद्धेय बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के लोकप्रिय अध्यक्ष पवन साहू एवं महानगर में निवास करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एवं संगठन को मजबूत करने में अपनी कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए भूमिका निभाने की बात कही है। श्री सिंह ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए लागू किए गए जनकल्याणकारी योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने एवं मोर्चा के अध्यक्ष के द्वारा झारखंड में किसानों के हित में किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से किए गए कार्यों को जन जन तक कैसे पहुंचे इन सारी विषयों को मीडिया के माध्यम से सभी किसानों तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास करूंगा। सुनील कुमार सिंह को मीडिया पर भाई प्रभारी बनाए जाने पर कई लोगों ने हर्ष जताते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी जिसके लिए श्री सिंह ने उन सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।



## तिरंगा हमारी आन ,बान और शान है : संजय सेठ

**रांची:** हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विगत दो वर्षों से पूरे देश में मनाया जा रहा है। विगत दो वर्षों में जन-जन का अभियान बन चुका है। पूरे देश भर में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक एक उत्सव के रूप में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा तिरंगा हमारी आन ,बान और शान है। तिरंगा को देखकर देश प्रेम जागृत होता है। देश भावना का दिल में ज्वार फूटता है । हमारा तिरंगा त्याग, निष्ठा और शांति का प्रतीक है । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के हर घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगे ताकि देश के नागरिको मे राष्ट्रीय एकता और गौरव की अनुभूति हो,। क्योंकि इस तिरंगे के खातिर लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया। हमारे वीर योद्धाओं ने अपनी जान की बाजी लगाकर इस तिरंगे की आन, बान ,और शान, को कायम रखा इसलिए हम सबों का कर्तव्य बनता है कि सभी लोग अपने घरों में व्यावसायिक, स्थलों में अवश्य तिरंगा लगाए और लोगों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें । इसी को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर पत्नी संग एवं रांची महानगर के पदाधिकारी के साथ अपने घर पर तिरंगा लगाया।

**e–Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department, Building Division, Gumla**

**शुद्धि–पत्र**

Tender Reference No. 04BCD/GUMLA/2024-25 and PR No.- 331663 Building (24-25)_D द्वारा प्रकाशित निविदा के कुछ तिथियों में तकनिकी एवं अपरिहार्य कारणवश संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 10-08-2024 ,11:00AM | 12-08-2024 , 11:00AM |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 16-08-2024, 03:00PM | 17-08-2024, 03:00PM |
| 3 | ध्नविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17-08-2024, 03:00PM | 20-08-2024,03:00PM |

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building Construction Department
Building Division,Gumla

PR 332546 Building(24-25).D

## उपायुक्त ने तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और15 सेंटर के रिन्यूअल की दी स्वीकृति



**रांची:** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सलाहकार समिति ( पीसी एंड पीएनडीटी ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति की ओर से अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन एवं अस्पतालों के सील सीजर पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त आवेदन पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 03 अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और 15 सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की गई।

जबकि निबंधन के लिए 03 और रिन्यूअल के लिए 04 अल्ट्रासाउंड सेंटर का भ्रमण कर प्रतिवेदन के आधार पर निर्णय लेने की सहमति बनी। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान समिति के जरिये 08 संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, 10 चिकित्सकों की जॉइनिंग, 05 संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने एवं दो अस्पतालों का सील सीजर खोलने का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक और उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/08/2024-25 (2ND CALL)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/ 08/02/2024-25 | बड़कागांव | गरसुल्ला पंचायत भवन से बघरिया तक कालीकरण कार्य। | 38486300.00 | 769800.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/ 08/03/2024-25 | केरेडारी | पंचायत कराली के ग्राम केमो में सामुदायिक भवन से लकराही तक पथ निर्माण। | 16704400.00 | 334100.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154808
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 332542 Rural Development(24-25)#D

## सूक्ति

**उठो और तब तक चलो जब तक की तुम्हें तुम्हारी मंजिल नहीं मिल जाती है। - विवेकानंद**

## क्षेत्रीय दल की भूमिका

मिजोरम में पांच साल पुराने क्षेत्रीय दल ह्यजोराम पीपुल्स मूवमेंटह्न (जेडपीएम) को जनादेश देकर 35 साल पुरानी राजनीतिक जुगलबंदी को तोड़ा गया है। यह एक नए क्षेत्रीय दल की नाटकीय जीत है। जेडपीएम के पक्ष में ऐसी लहर थी, जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी पराजित हो गए। मिजो नेशनल फ्रंट जैसे ताकतवर दल का लगभग सूपड़ा साफ हो गया। भाजपा और कांग्रेस सरीखे राष्ट्रीय दलों के हिस्से क्रमशः 2 और 1 सीट ही आई। अब मुख्यमंत्री पद पर एक नया चेहरा होगा-लालदुहोमा। अभी तक सत्ता की बंदरबांट जोरमथांगा और ललथनहवला के बीच जारी रही थी। उनके जरिए भाजपा और कांग्रेस का वर्चस्व भी बना रहता था, लेकिन ताजा चुनाव में एक पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी रहे लालदुहोमा की नवजात पार्टी को स्पष्ट जनादेश मिला है, तो माना जा सकता है कि क्षेत्रीय दल अब भी जिंदा हैं। लालदुहोमा कांग्रेस के सांसद रहे हैं, लिहाजा उनका कुछ राजनीतिक झुकाव कांग्रेस की तरफ स्वाभाविक है, लेकिन यह जनादेश उन्होंने एमएनएफ, भाजपा और कांग्रेस सरीखी ताकतों से लडकर हासिल किया है। दरअसल राज्यों के विधानसभा चुनावों में जिस तरह भाजपा और कांग्रेस को जनादेश मिले हैं, उनके मद्देनजर व्याख्या की जा रही है कि क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खतरे में है, क्योंकि जनादेश राष्ट्रीय दलों के पक्ष में दिए जा रहे हैं। मिजोरम देश के हाशिए पर स्थित ऐसा छोटा-सा राज्य है, जिसका पड़ोसी मणिपुर है। वहां के जातीय, विभाजक, हिंसक और हत्यारे टकरावों का प्रभाव मिजोरम में भी है। हजारों कुकी लोग विस्थापित होकर मिजोरम में आए हैं। म्यांमार के घुसपैठिए यहां भी आते हैं। बेशक पुराना उग्रवाद लगभग शांत है, लेकिन यह एक आत्मनिर्भर राज्य नहीं है। मिजोरम को नई दिल्ली में भाजपा या कांग्रेस की सत्ताओं का सहारा हर हाल में चाहिए। उसके बावजूद वहां की जनता ने एक नवजात दल को समर्थन दिया है, तो यह भी लोकतंत्र की खूबसूरती है। बेशक कुछ ही राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रासंगिक बचे हैं, अलबत्ता दिल्ली में उनका प्रभाव धुंधला रहा है। 1989 से 2014 के बीच क्षेत्रीय दलों का जलवा था, क्योंकि किसी भी राष्ट्रीय पार्टी को बहुमत नहीं मिल रहा था। क्षेत्रीय दल देश की सत्ता के सूत्रधार बन गए थे। चूंकि 2014 में केंद्र में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, उसके साथ ही क्षेत्रीय दलों के अंत की शुरूआत हो गई। हालांकि कुछ क्षेत्रीय दल 'प्रतीक-रूप' में ही मोदी सरकार में शामिल हैं। भाजपा ने क्षेत्रीय दलों को हाशिए पर धकेलना शुरू किया है। भाजपा उप्र और महाराष्ट्र में भी वर्चस्ववादी ताकत के रूप में स्थापित हो चुकी है, नतीजतन क्षेत्रीय दलों में उथल-पुथल मची है। 2014 के बाद से राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के बीच दो तरह की राजनीतिक साझेदारियां चल रही हैं। आंध्रप्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और ओडिशा में बीजद आज भी अपने-अपने राज्य में सत्तारूढ़ ताकत हैं। भाजपा के साथ उनकी खास किस्म की साझेदारी है। वे संसद में, खासकर राज्यसभा में, भाजपा को समर्थन देते हैं। बदले में भाजपा उन्हें परेशान नहीं करती। तमिलनाडु और केरल में क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय दलों के गठबंधन में चुनाव लड़ते हैं, लेकिन तमिलनाडु में क्षेत्रीय दल द्रमुक का गठबंधन में वर्चस्व है। बिहार और महाराष्ट्र में संतुलन की स्थितियां हैं। चुनावों में राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना ही पड़ता है।

## मंत्रिमंडल की सौगात

राष्ट्रीय परिधान से कहीं भिन्न हैं हिमाचल में सत्ता के वादों के रंग और यही दस्तूर सरकार के आईने में उजली छवि के दस्तावेज बन जाते हैं। इन्हीं दस्तावेजों की पालकी सजाए पुनः मंत्रिमंडल की बैठक ने रुकी हुई सरकारी नौकरियों की धडकन तेज कर दी है। पुलिस भर्ती के माध्यम से 1226 कांस्टेबलों को नियमित वेतन की वर्दी पहनाने के अलावा यह भी सुनिश्चित हो रहा है कि आइंदा तीस प्रतिशत ऐसे पद महिलाओं के बीच आबंटित होंगे। नारी चरित्र में कानून के पहरों का सामाजिक व मनोवैज्ञानिक प्रभाव देखते हुए यह फैसला घर-परिवार में बेटियों के अस्तित्व व स्वाभिमान को ऊंचा कर रहा है। यह स्वाभाविक क्षमता है जिसके तहत हिमाचली बेटियां कल तक पुरुष क्षेत्र के लिए समझे गए दायित्व में अपनी श्रेष्ठता की नई कहानी लिख रही हैं। व्हिसल से गूंजती ट्रैफिक व्यवस्था या कानून-व्यवस्था की पगडंडियों से निकल कर उच्च पदों तक पहुंची महिला पुलिस अधिकारी साबित कर चुकी हैं कि वह उन्नीस नहीं, इक्कीस ही हैं। हिमाचल राज्य न केवल बेटियों का अभिभावक बनकर सामने आ रहा है, बल्कि अनाथ बच्चों के लिए भी मार्गदर्शक बना है। यह पहला राज्य है जहां हर अनाथ बच्चा 27 साल की उम्र तक चार हजार रुपए प्रति माह प्राप्त करेगा, जबकि विवाह अनुदान के तौर पर दो लाख रुपए की राशि भी निर्धारित हुई है। जाहिर है कोई बड़े दिलवाला राज्य ही ऐसा संभव कर सकता है और यह फिर साबित हो रहा है कि कल्याणकारी प्रदेश के रूप में हिमाचल का कोई सानी नहीं, क्योंकि हर अनाथ को पूरे साल में 48 हजार रुपए मिलने से कई पालने मजबूत हो जाएंगे। हिमाचल मंत्रिमंडल के कई अन्य फैसले बड़े संकेतों को परिभाषित करने की मंशा प्रकट कर रहे हैं। विद्युत राज्य के रूप में प्रदेश पुनः प्रयासरत है कि हाइड्रो एनर्जी से आर्थिकी की वकालत हो और इसी नजरिए से ऊर्जा नीति को सशक्त व धारदार बनाया जा रहा है। विद्युत प्रोजेक्टों में राज्य की हिस्सेदारी अब उत्पादन के वर्षों से तय होगी यानी बारह वर्षों तक बीस फीसदी रॉयल्टी, जबकि 18 साल की सीमा में तीस प्रतिशत तथा अगले दस साल चालीस फीसदी रॉयल्टी प्रदेश लेगा। इस तरह चालीस साल तक हर निवेशक को विद्युत उत्पादन के जरिए हिमाचल के खजाने को अलग-अलग दर में सींचना होगा। इस तरह यह बहस फिर से जीवित हो रही है कि प्रदेश में पंजाब पुनर्गठन के बावजूद पानी और बिजली के समझौते क्यों अन्याय के दंश लिए यहां छाती पर मूंग दल रहे हैं। अगर नई ऊर्जा नीति के आलोक में हिमाचल के अधिकार सफल हो जाएं तो बीबीएमबी व शानन परियोजना की मिलकीयत के फैसले हिमाचल का आर्थिक संबल बनेंगे। मंत्रिमंडल में हमीरपुर का प्रकाश पुनः स्थापित हो रहा है और इस बार ऐलान यह कि राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का एक मुख्य अभियंता यहां से आपरेशन की जिम्मेदारी संभालेगा। यानी प्रदेश के जोनल कार्यालयों की संगत में हमीरपुर के नाम एक और प्रशासनिक उपलब्धि की जा रही है। इसी के साथ कांगड़ा में सपनों का संसार वनखंडी के चिडि?ाघर में उतरने को तैयार है। कुल 629 करोड़ की लागत से इस चिडि?ाघर के श्रृंगार से पर्यटन की आबोहवा पूरी तरह बदल सकती है। यह क्षेत्र पौंग बांध वेटलैंड की आकाशीय दूरी को नजदीक लाता है और इस तरह प्रवासी पक्षियों के कलरव को सुनने के लिए एक नया व विस्तृत पैकेज तैयार हो सकता है। यह दीगर है कि पौंग के रामसर वेटलैंड की शर्तों के बीच केंद्रीय विश्वविद्यालय का एक विस्तृत परिसर विकसित हो रहा है, जिसके एक बाजू में प्रवासी पक्षी तो दूसरे में वन्य प्राणियों के संसार को पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता की दृष्टि से सुकून से रहना है। सरकार चालीस नए शहरी स्वास्थ्य वेलनेस केंद्र खोल कर चिकित्सा क्षेत्र की अहमियत को फिर से जिंदा कर रही है, लेकिन इमारतों के पीछे मानवीय स्पर्श की श्रृंखला भी पैदा हो, इसके लिए पर्याप्त प्रयास की जरूरत है।

# बढ़ती जनसंख्या से परेशानी

> जनसंख्या के लिहाज से भारतवर्ष विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। आबादी के आकार की बात करें तो हमारा देश अमरीका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान, बांग्लादेश और जापान की सम्मिलित आबादी के बराबर है और पिछले 10 वर्षों में हमारे देश की जनसंख्या में एक पूरे देश ब्राजील की जनसंख्या और जुड़ गई है।

**पीके खुराना**

ऐसे में बढ़ती आबादी का बड़ा हिस्सा बेरोजगार, अर्धशिक्षित अथवा अशिक्षित तथा साधनहीन होगा। इस स्थिति को न बदला गया तो बढ़ती आबादी सचमुच अभिशाप बन जाएगी। स्थिति को बदलने के लिए सबसे पहले कस्बों और गांवों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के तेज विकास के लिए काम करना होगा, उनके लिए स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवानी होंगी तथा उन्हें रोजगारपरक उद्यमिता की शिक्षा देनी होगी। कंज्यूमर गुड्स कंपनियों को आज ग्रामीण भारत में बड़ा बाजार नजर आ रहा है। इस बाजार को बढ़ाने के लिए यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान उनके अपने हित में है। विभिन्न सरकारें भी इस ओर ध्यान दें तो समाज में असमानता नहीं होगी तथा सामाजिक विघटन का खतरा नहीं रहेगा। हमारी अधिकांश आबादी कामकाजी होगी तो गरीबी मिटेगी, देश समृद्ध होगा और उसके कारण भी इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। हमें गरीबी और विकास के बीच चुनाव करना है।

जनसंख्या के लिहाज से भारतवर्ष विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। आबादी के आकार की बात करें तो हमारा देश अमरीका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान, बांग्लादेश और जापान की सम्मिलित आबादी के बराबर है और पिछले 10 वर्षों में हमारे देश की जनसंख्या में एक पूरे देश ब्राजील की जनसंख्या और जुड़ गई है। जनसंख्या बढने का मतलब है कि हमें ज्यादा लोगों के शिक्षा के साधन, रोजगार, खाना और रहने के लिए मकान चाहिएं। हमारे देश में बहुत सी समस्याएं हैं, जनसंख्या की समस्या उनमें से बहुतों का मूल है, पर यह भी सच है कि ज्यादा आबादी के कारण आज हम लाभ की स्थिति में भी हैं। भारतवर्ष में 15 वर्ष से 59 वर्ष के लोगों की वृद्धि का अनुपात आबादी की वृद्धि के अनुपात से अधिक है और यह स्थिति 2030 तक बने रहने की उम्मीद है। यह वह आबादी है जो काम में लगी है अथवा काम में लगाई जा सकती है। ऐसी जनसंख्या वाला भारत एकमात्र विकासशील देश है। आज हमारे सामने सवाल यह है कि जनसंख्या के इस वर्ग को काम में लगाकर हम इसे अपने लिए वरदान बना लेंगे या फिर राजनेताओं की थोथी बयानबाजी और अपनी खुद की लापरवाही, अकर्मण्यता तथा अज्ञान के कारण बढ़ती आबादी को अपने लिए अभिशाप बना लेंगे तथा वर्तमान से भी ज्यादा गरीबी तथा साधनहीनता की स्थिति में पहुंच जाएंगे। हमारे सामने यह एक बड़ी चुनौती है, और यही एक बड़ा अवसर भी है।

फ्रेंच पोलिटिकल साइंटिस्ट क्रिस्टोफर ज्रैफरेलो दक्षिण-पश्चिम एशिया मामलों के विशेषज्ञ हैं और भारत-पाकिस्तान पर उनकी खास पकड़ है। उनकी संपादित पुस्तक इंडिया सिंस 1950 : सोसाइटी, पॉलिटिक्स, इकोनोमी एंड कल्चर में भारत का राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विश्लेषण किया गया है। इसी पुस्तक के अध्याय ह्यइंडिया 2025ह्न के अनुसार भारतवर्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक संभावनाओं वाला देश है। यहां न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता है, बल्कि यहां लोकतंत्र के साथ बाजार आधारित अर्थव्यवस्था भी है। हालांकि भारत की विकास दर यदा-कदा ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी है, लेकिन पिछले दस वर्षों से यह 7-8 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। जीडीपी के लिहाज से 2025 तक हमारा देश अमरीका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। बचत और निवेश की अच्छी दर का भी भारत को लाभ मिलेगा और सन 2030 तक देश की उत्पादकता भी बढ़ती रहने के संकेत हैं। विद्वानों का मानना है कि उत्पादकता बढ? के पांच मुख्य कारण हैं। एक, अर्थव्यवस्था में कृषि की जगह उद्योग और सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी में बढ़ोत्तरी, दो विश्व अर्थव्यवस्था में भारतीय कंपनियों की बढ़ती हिस्सेदारी, तीन बैंकिंग सेक्टर का आधुनिकीकरण, चार आईटी टूल्स का बढ़ता इस्तेमाल और पांच, संचार व परिवहन के साधनों का विकास। क्या भारतीय अर्थव्यवस्था इसी रफ्तार से आगे बढ़ सकती है? अगर हां, तो आने वाले वर्षों में इसके क्या सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिणाम होंगे? एक चुनौती तो स्पष्ट रूप से बढ़ती असमानता है। यह असमानता सिर्फ सामाजिक स्तर पर नहीं, बल्कि भौगोलिक स्तर पर भी है। ग्रामीण भारत आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे ग्रामवासियों में शहरी मध्यवर्ग के मुकाबले गहरी हताशा पैठ सकती है और यह असंतोष माओवादियों अथवा ऐसे ही अन्य संगठनों के पक्ष में जा सकता है। हमारी चुनौती यह है कि आबादी को हम बोझ न बनने दें, बल्कि उसे परिसंपत्ति में परिवर्तित कर दें। माना जाता है कि भारत की आबादी इक्कीसवीं सदी के मध्य तक चीन को पार कर डेढ़ अरब हो जाएगी। साल 2025 तक कामकाजी वर्ग की आबादी में 25 करोड़ लोगों का इजाफा होगा। इसका अर्थ है कि भारत अन्य देशों के मुकाबले में युवा रहेगा और शायद वेतन भी कम रखने की स्थिति में होगा। इस वर्ग को परिसंपत्ति बनाने के लिए हमें शिक्षा सुविधाओं का तेज विकास करना होगा और नए रोजगार पैदा करने होंगे। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा ऐसी हो जिससे कृषक वर्ग भी लाभान्वित हो सके। आबादी में हर साल एक करोड़ सत्तर लाख लोगों के जुड? का मतलब है कि खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने के लिए हमें कृषि उत्पादन में सालाना 4 से 4.5 प्रतिशत तक की वृद्धि सुनिश्चित करनी होगी। उड़ीसा, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक में पिछले दस वर्षों में कृषि उत्पादन गिरा है। राष्ट्रीय स्तर पर गेहूं और चावल का उत्पादन स्थिर हो गया है। इससे प्रति व्यक्ति अनाज और दालों की उपलब्धता घटी है। इस स्थिति को बदलने की आवश्यकता है। कमजोर इन्फ्रास्ट्रक्चर एक अहम अड़चन है। सडकों और रेलों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।

# अकेलेपन की बढ़ती समस्या

> विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को सिगरेट पीने जितना नुकसानदायक बताया है। संगठन के मुताबिक 15 सिगरेट पीने से जितना शरीर को नुकसान पहुंचता है, उतना ही नुकसान अकेलेपन से पहुंचता है। अकेलेपन के कारण डिमेंशिया का रोग विकसित होने का खतरा 50 फीसदी तक बढ़ जाता है।

**डा. वरिंद्र भाटिया**

यदि आप अकेलापन महसूस कर रहे हैं तो ऐसे में सेल्फकेयर आपका सबसे अच्छा दोस्त बन सकता है। खुद को अपनी देखभाल में व्यस्त रखें, हेल्दी डाइट लें, नियमित एक्सरसाइज करें, स्किन केयर, हेयर केयर और अपनी अन्य पसंदीदा गतिविधियों में भाग लें। ये सभी गतिविधियां आपको व्यस्त रखते हुए बेहतर महसूस करने में मदद करेंगी। इसके साथ ही ये सभी गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य से लेकर शारीरिक एवं त्वचा स्वास्थ्य के लिए भी कमाल की होती हैं। चाहें तो किसी प्रकार के सोशल वर्क का हिस्सा भी बन सकते हैं। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। सोशल वर्क के दौरान आपको कई ऐसे लोग मिलेंगे जिनके साथ वक्त बिताकर आपको अपना अकेलापन बांटने में मदद मिलेगी। याद रहे कि किसी भी समस्या से बाहर आने के लिए उस समस्या के प्रति पूरी जानकारी होना बेहद महत्त्वपूर्ण है

20 नवम्बर की एक खबर है कि नोएडा में अकेलेपन की जिंदगी की परेशानियों से हताश होकर युवती ने जिंदगी समाप्त कर ली। यह महिला एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। प्रारंभिक जांच में पिछले कुछ दिनों से महिला के डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है। ऐसी अनेक घटनाएं और भी सामने आ रही हैं जहां अकेले रहने वाले कई सेलेब्रिटी और स्टार भी दौलत, शोहरत और रुतबा होने के बावजूद अकेलेपन की मानसिक व्यथा के कारण जिंदगी से मुंह मोड़ रहे हैं। हमारे समाज को इस पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अकेलेपन की समस्या दुनिया भर में तेजी से फैल रही है। चिंता की बात यह है कि भारत भी इसमें शामिल है। हम अपने आसपास देखते हैं कि आजकल लोगों को अकेले रहना काफी पसंद आता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों का मानना होता है कि वे खुद को टाइम दे पाते हैं। इससे नई सोच बेहतर होती है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जिन्हें अकेलापन पसंद आता है तो आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि अकेलापन आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को सिगरेट पीने जितना नुकसानदायक बताया है। संगठन के मुताबिक 15 सिगरेट पीने से जितना शरीर को नुकसान पहुंचता है, उतना ही नुकसान अकेलेपन से पहुंचता है। अकेलेपन के कारण डिमेंशिया का रोग विकसित होने का खतरा 50 फीसदी तक बढ़ जाता है। इसके अलावा अकेलेपन के कारण कोरोनरी धमनी रोग और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। हम सभी की जिंदगी उतार-चढ़ाव से भरी हुई होती है। जिंदगी में कभी कुछ अच्छा होता है, तो कभी हम जैसा सोचते हैं, जिंदगी वैसे बिल्कुल नहीं चलती है। अक्सर जिंदगी में कुछ ऐसे मोड़ आते हैं, जब हम हिम्मत हार जाते हैं, मायूस हो जाते हैं, अकेलापन महूसस करने लगते हैं। ऐसे वक्त पर खुद को संभालना बहुत जरूरी होता है। कई बार लोगों के बीच में भी आपको अकेलापन महसूस होता है और कुछ लोगों के आसपास उन्हें समझने और सहारा देने के लिए कोई नहीं होता है। ऐसे में वे अकेला महसूस करने लगते हैं। जीवन में किसी लक्ष्य का न होना कई बार अकेलेपन और तनाव की वजह बन जाता है। ऐसे में अपने लिए एक रूटीन सेट करें। एक्सरसाइज, काम, पढ़ाई और रिलेक्स सब कुछ करने के लिए एक टाइम टेबल तय करें। इससे आपको व्यस्त रहने में मदद मिलेगी। जितना जरूरी दूसरों को समझना, उनसे प्यार करना है, उससे भी ज्यादा जरूरी खुद को समझना है। अक्सर हम खुद पर बहुत हार्श हो जाते हैं, खुद को दोष और जजमेंट के जाल में फंसा लेते हैं। ऐसा न करें। जिस तरह मुश्किल वक्त में आप अपने दोस्तों को समझने की कोशिश करते हैं, वैसे ही खुद को भी समझें। अगर आप अकेला महसूस कर रहे हैं, तो अपने इस वक्त को खुद को खोजने में और पर्सनल ग्रोथ में लगाएं। अपने इंट्रेस्ट पर फोकस करें। कई ऐसे काम रहे होंगे, जो आपको अच्छे लगते होंगे, लेकिन जिन्हें आप एक वक्त पर बिजी रहने के चलते नहीं कर पाते होंगे, अब उन कामों को करें। इससे आपको अच्छा महसूस होगा। सोशल मीडिया पर हम सभी वक्त बिताते हैं और अकेले होने पर आप सोशल मीडिया से ज्यादा कनेक्ट होने लगते हैं। लेकिन ऐसा न करें। सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बिताने से न केवल आपकी नींद पर असर होता है, बल्कि इससे कई बार नेगेटिव फीलिंग्स भी आती हैं। अकेलापन सोचने और सुनने में जितना सामान्य लगता है, इसके साथ डील करना उतना ही मुश्किल हो सकता है। हम सभी ने कभी न कभी अकेलेपन को महसूस जरूर किया होगा, परंतु यदि यह लंबे समय तक बना रहता है, तो आपके मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। लोनलिनेस यानी कि अकेलापन किसी भी वक्त आपको घेर सकता है, खासकर तनाव और चिंता की स्थिति में अकेलापन महसूस होना बिल्कुल सामान्य है। अकेलेपन की स्थिति में आपकी भावनाएं शेयर करने वाला कोई नहीं होता, यह एक ऐसी मानसिक स्थिति है जहां आपके सामने आपके अलावा और कोई नहीं होता। अकेलेपन की स्थिति आपको ओवरथिंक, यानी जरूरत से ज्यादा सोचने वाले व्यक्तियों में शामिल कर सकती है। वहीं अकेलापन नकारात्मकता को आकर्षित करता है। परंतु अकेलेपन का एहसास नींद की कमी का कारण बन सकता है। इसका हल है, यदि आपको खाना पकाने में इंट्रेस्ट है या आप बहुत अच्छी पेंटिंग करती हैं या डांसिंग और सिंगिंग का शौक रखते हैं तो आपको अपने इंट्रेस्ट से मिलते-जुलते किसी ग्रुप में पार्टिसिपेट करना चाहिए। इन गतिविधियों में वक्त बिताने से आपको बेहतर महसूस होगा और आप खुद को सकारात्मक रूप में व्यस्त रख पाएंगी, जिससे आपका अकेलापन भी दूर हो जाएगा। यदि आप अकेलापन महसूस कर रहे हैं तो ऐसे में सेल्फकेयर आपका सबसे अच्छा दोस्त बन सकता है। खुद को अपनी देखभाल में व्यस्त रखें, हेल्दी डाइट लें, नियमित एक्सरसाइज करें, स्किन केयर, हेयर केयर और अपनी अन्य पसंदीदा गतिविधियों में भाग लें। ये सभी गतिविधियां आपको व्यस्त रखते हुए बेहतर महसूस करने में मदद करेंगी। इसके साथ ही ये सभी गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य से लेकर शारीरिक एवं त्वचा स्वास्थ्य के लिए भी कमाल की होती हैं। चाहें तो किसी प्रकार के सोशल वर्क का हिस्सा भी बन सकती हैं। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। सोशल वर्क के दौरान आपको कई ऐसे लोग मिलेंगे जिनके साथ वक्त बिताकर आपको अपना अकेलापन बांटने में मदद मिलेगी। याद रहे कि किसी भी समस्या से बाहर आने के लिए उस समस्या के प्रति पूरी जानकारी होना बेहद महत्वपूर्ण है। जब तक आप अपनी समस्या को पूर्ण रूप से समझकर स्वीकार नहीं कर लेती, तब तक आप इसके प्रति उपचार शुरू नहीं कर पाती। ऐसे में अकेलेपन को स्वीकार करें और देखें की आपके अकेलेपन का क्या कारण है? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लोगों के बीच सामाजिक संबंधों में सुधार करने के लिए जापान में एक आयोग शुरू किया है। यह आयोग लोगों में अकेलेपन से होने वाली दिक्कतों को खत्म करने के लिए काम कर सकता है।

# वेद का अर्थ है जानना

**चिंतन-मनन**

ज्ञान जहां तक जाता है वहां तक उस ज्ञान के विस्तार का नाम वेद है। वेद का अर्थ होता है ज्ञानः जानना। जिस मूल से वेद शब्द बना है उसी से विद्वान भी। ज्ञान अर्थात वेद। लेकिन ऐसा भी आयाम है जीवन का और अस्तित्व की ऐसी गुह्य स्थिति भी है, जहां वेद भी प्रवेश नहीं कर पाता है, जहां ज्ञान भी नहीं पहुंच पाता है, जहां ज्ञान को भी बाहर ही छोड़ कर प्रवेश मिलता है। इसलिए भारत ने एक अनूठा शब्द गढ़ा है, वह सुना आपने बहुत होगा समझा शायद ही हो, वह शब्द है 'वेदांत'।

वेदांत का अर्थ होता है, जहां वेद का भी अंत हो जाए, जहां वेद की भी पहुंच नहीं, जहां वेद के भी आगे जाना पड़ता है, जहां वेद भी व्यर्थ हो जाता है, जहां वेद की भी गति नहीं। वेद का अर्थ है समस्त ज्ञान। जहां तक जाना जा सकता है, वह सब भी काम नहीं पड़ता, जो भी जाना हुआ है वह काम नहीं पड़ता, जो भी अनुभव हुआ है वह काम नहीं पडता, जो भी ज्ञात संपदा है वह काम नहीं आती, वहां से वेदांत शुरू होता है।

जहां वेद समाप्त होता है वहां से वेदांत शुरू होता है। वेद की जहां सीमा आ जाती है, वहां वेदांत का प्रारंभ है। अगर वेदांत को हम ठीक से अंग्रेजी में अनुवादित करें तो उसका अर्थ होगा नो नॉलेज। इसकी तीन सीढि?ां हम समझ लें। एक है ज्ञान, उसके नीचे एक सीढ़ी है, अज्ञानय और उसके ऊपर एक सीढ़ी है, ज्ञानातीत। अज्ञान, जब हम नहीं जानते, ज्ञान,जब हम जानते हैं अर्थात न जानने के हम पार गए और ज्ञानातीत, अर्थात जब हम जानने के भी पार गए। अज्ञान तो बांधता ही है, ज्ञान भी बांध लेता है। मुक्ति तो तभी है जब ज्ञान भी शून्य हो जाए। अज्ञान तो शून्य होना ही चाहिए, पर उतना काफी नहीं है।

तो पृथ्वी पर अज्ञान को मिटाने वाली तो बहुत सी परंपराएं पैदा हुईं, सारे जगत में अनंत धाराएं पैदा हुईं जिन्होंने अज्ञान को मिटाने की कोशिश की, लेकिन संभवतः पूरब के बहुत कीमती लोगों ने एक और नई धारा पैदा की और उन्होंने कहा कि एक सीमा आ जाती है जहां ज्ञान को भी मिटाना होता है, वह भी बंधन बन जाता है, न जानना तो बंधन है, जानना भी बंधन बन जाता है। क्योंकि जानने की भी सीमा है। कितना ही कोई जानता हो, जानना असीम नहीं हो सकता। और असीम को अगर जानना हो, तो समस्त जानने को छोड़ देना पड़ता है। इसलिए गहरे अर्थों में परम ज्ञानी अज्ञानी जैसा हो जाता है। एक अर्थ में अज्ञानी जैसा हो जाता है, क्योंकि ज्ञान उसके पास भी नहीं।

## आपके पत्र

### हानिकारक है प्लास्टिक का कचरा

स्वच्छता का लक्ष्य और स्वच्छ भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक प्लास्टिक का प्रयोग शत-प्रतिशत बंद नहीं होता। हमारे देश में प्लास्टिक कचरा भी बढ़ता जा रहा है, कूड़े के ढेर में सबसे ज्यादा पॉलीथिन बैग ही नजर आते हैं। प्लास्टिक के कचरे को जला कर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। इसे जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश में सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों का भी होता है। देश के नागरिक और विदेशी लोग भी जब किसी कारण हमारे देश आते हैं, तो ये भी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इधर-उधर फेंक कर प्लास्टिक कचरे को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक का दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रयोग लोगों की सेहत पर तो भारी पड़ ही रहा है, साथ ही प्रकृति को दूषित करने का काम भी कर रहा है।

**देव प्रकाश, कोकर**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ



## सीनियर सिटीजन की प्रखंड परिसर में बैठक

**मुरी:** प्रखंड परिसर में सीनियर सिटीजन की बैठक संपन्न हुई। बैठक का आयोजन वरिष्ठ नागरिक एवं जन समस्या समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने की। जितेन्द्र बड़ाइक ने वरिष्ठ नागरिक एवं जन समस्या समिति के एकजुटता, उत्साह को देखते हुए ,वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य लोगों के समस्याओं समाधान के लिए कहा कि आइए, समाज को बेहतर बनाने का काम करें। संकल्प लें कि जिनका काम में विलम्ब हो रहा है उससे संबंधित अधिकारी को बताएं। दूसरी तरफ वरिष्ठ नागरिक को प्रखंड कार्यालय एवं प्रशासनिक जगहों पर जाकर काम के माध्यम से परिचय बढ़ाए। वरिष्ठ नागरिक में निर्मल साहु, जन समस्या समिति के नरेश चन्द्र कार्रजी ,भुनेश्वर प्रसाद साहू,विजय चंद्र महतो , नगेन्द्र गोस्वामी त्रिलोचन साहु,हेमंत सिंह,माथुर चंद्र पहली,हरिनाथ स्वासी,आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। जनसमस्या के समाधान के लिए बीडीओ, सीओ से आवेदन तैयार किया गया जिसमें प्रखंड के अधीनस्थ कर्मचारियों एवं पंचायत के काम देखने वालों की मोबाइल फोन नं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

## तुलसीदास एक महान कवि थे: किरण



**साहिबगंज:** विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई।सर्वप्रथम विद्यालय की आचार्या किरण गुप्ता एवं अचार्य अमित कुमार ने गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य अमित कुमार ने बताया की तुलसीदास का जन्म श्रावण मास के कृष्ण पक्ष के सप्तमी के दिन हुआ था। तुलसीदास एक महान कवि थे। जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से भगवान श्री राम की महिमा और मानवता के मूल्यों को प्रस्तुत किया। उनकी प्रमुख रचना रामचरितमानस एक महाकाव्य है। जिसमें वे भगवान श्री राम के जीवन और उनके भक्तों की भावनाओं को सुंदरता से चित्रित करते हैं दोहावली,हनुमान चालीसा,जानकी मंगल,पार्वती मंगल एवं विनय पत्रिका की रचना भी तुलसीदास ने की थी।किरण गुप्ता ने बताया की तुलसीदास का योगदान भारतीय संस्कृति में अद्वितीय है।उन्होंने भारतीय संस्कृति में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को स्थापित किया।गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर प्रांत की ओर से कक्षा द्वितीय से दशम के भैया,बहनों के बीच सुलेख,चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जयंती समारोह में विद्यालय केआचार्य अजय कुमार साह,अजीत कुमार मालवीय,कल्याण भंडारी सुनील कुमारलिपिका राज सिंह,अर्चना वर्मा,निर्मला कुमारी,क्रिस्टीना मुर्मू,टीनू पांडे,एनी आशा मुर्मू एवं विद्यालय के सभी भैया/बहन उपस्थित थे।

## प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड कोटालपोखर के अंतर्गत मयूरकोला पंचायत के भादाईटार,फूलचूहा में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास के नेतृत में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों का हलचल पूछा।लोगों की समस्या से अवगत हुए और समस्या को जल्द से जल्द निदान करने का आश्वासन दिया।उन्होंने ग्रामीणों को से आगरा किया के गठबंधन के मैया योजना यानी के महिला सम्मान राशि हर महीने ?1000 का लाभ जरूर उठाएं और ऑनलाइन में सर्वर जो भी त्रुटि थी सुधार कर दिया गया है। अब सर्वर अच्छा चल रहा है तो जितने भी मां बहने हैं। इसका लाभ नहीं उठा पाए हैं तो वह उसका लाभ ले ले।मौके पर गणेश,विकास सिंह,तपेश्वर शाह,रंजीत शाह, शंकर शाह,कृष्ण घोष,आदि कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## वन प्रमंडल ने मोतीनाथ धाम में लगाया सेवा शिविर



**साहिबगंज:** वन प्रमंडल की ओर से श्रावण माह की चौथी सोमवारी पर तालझारी रेंज के महाराजपुर स्थित बाबा मोतीनाथ धाम में सेवा शिविर लगाया गया। वन विभाग के कर्मियों ने कांवरियों के बीच नींबू पानी व केला का वितरण किया। श्रद्धालुओं ने वन प्रमंडल की सेवा भावना की सराहना की। इधर डीएफओ प्रबल गर्ग ने वहां लगाए गए वन प्रमंडल के शिविर का जायजा लेते हुए लोगों का हालचाल पूछा। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत चौधरी, वन रक्षी अमित कुमार , सुनील कुमार व अन्य मौजूद थे।

# झगड़ती रही जीआरपी और जिला पुलिस, 72 घंटे तक पड़ी रही लाश

मेट्रो रेज

**रामगढ़:** रेलवे प्रक्षेत्र और जिला पुलिस की सीमा की लड़ाई में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश 72 घंटे तक पड़ी रही। ना तो जीआरपी में उसे लाश को उठाना उचित समझा और ना ही इस पचड़े को रामगढ़ जिला पुलिस अपने सिर पर डालना चाहती थी। 72 घंटे की इस रस्साकस्सी के बाद यह तय हो गया कि जिस जगह पर व्यक्ति की लाश पड़ी है वह रेलवे प्रक्षेत्र में आता है। तब सोमवार को जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति की लाश को अपने कब्जे में लिया। यह मामला बरकाकाना ओपी क्षेत्र का है। बरकाकाना 10 नंबर रेलवे साईडिंग के निकट एक अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना शनिवार को जीआरपी और बरकाकाना पुलिस को मिली थी। जानकारी के बावजूद राजकीय रेल थाना और बरकाकाना पुलिस एक दूसरे का सीमा क्षेत्र होने की बात कह पल्ला झाड़ती रही। शनिवार को देखे गये शव का सोमवार की शाम जीआरपी बरकाकाना ने उठाव किया। सीमा विवाद के पेंच में फंसकर शव की स्थिति काफी बदतर हो गई। शव विभत्स होकर पहचाने योग्य तक नहीं रहा।



10 नंबर रेलवे साइडिंग पर मिली थी युवक की लाशः जानकारी के अनुसार 10 नंबर रेलवे साईडिंग के निकट एक अज्ञात युवक का मिलने पर इसकी जानकारी जीआरपी बरकाकाना को मिली। लेकिन सीमा क्षेत्र के बाहर के बाद कहते हुए जीआरपी पुलिस ने शव उठाने से पल्ला झाड़ लिया। वहीं मामले की जानकारी बरकाकाना पुलिस को हुई। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन जीआरपी क्षेत्र होने की बात कह शव को वहीं छोड़ दिया। सोमवार की शाम तक शव यथावत पड़ा रहा। इसके बाद जीआरपी की टीम घटना स्थल पहुंची और पंचनामा कर शव का उठाव किया। मृतक ने मैरून रंग में सफेद धारीदार टीशर्ट और पीले रंग का जांघिया पहना है। शव के पास लाल रंग गमछा, पैंट और सफेद रंग का चप्पल पाया गया है। स्थानीय लोगो के अनुसार साईडिंग के निकट सुनसान जगह पर शव मिला है। कम ही लोगों का इधर आना-जाना होता है। शनिवार को स्थानीय लोगों ने शव पड़ा देखा गया। जबकि शव की हालत से साफ होता है कि तीन दिनों से भी अधिक समय से शव यहां पड़ा हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद ही उसकी मौत की वजह का खुलासा होगा।

## साहिबगंज सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट का किया औचक निरीक्षण



**साहिबगंज:** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट का औचक निरक्षण किया गया! जिसमेओपीडी आईपीडी ,प्रसव कक्ष,उपस्थिति पंजी एवं अस्पताल में साफ -सफाई की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा सभी पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया।साथ- साथ सिविल सर्जन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट में सभी चिकित्सा पदाधिकारी व पारा मेडिकल कर्मियों के साथ बैठक कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने एवं सभी तरह के स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को प्रदान करने का निर्देश दिए! मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक हीना गौरव वर्णवाल, जिला भीबीडी सलाहकार डॉ सत्तीबाबू डाबडा,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष टुडू डॉ संतोष सोरेन डॉ पंकज कुमार,बीपीएम आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में चयन को लेकर कलाकारों ने दी प्रस्तुति




**साहिबगंज :** स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों द्वारा सिद्धो- कान्हू सभागार में चयन समिति के समक्ष कार्यक्रम प्रस्तुत किया।विभिन्न विधालयों व कॉलेज से आई चयनित टीमों का स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चयन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 14 अगस्त, 2024 को संध्या 6:00 बजे से टाउन हॉल, साहिबगंज में होगा। चयन समिति में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष , श्याम विश्वकर्मा, चंदेश्वर सिन्हा, अनवर अली एवं नवीन भगत है।

## मंईयां सम्मान योजना के तहत शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को करे लाभान्वित : उपायुक्त

**साहिबगंज:** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी हेमंत सती ने साहेबगंज नगर परिषद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, पब्लिक हाई में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लेकर चल रहे विशेष शिविरों का औचक निरीक्षण किया।उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदकों से बातचीत करते हुए हाल-चाल जाना और आवेदन के पश्चात पावती रशिद आवश्यक रूप से लेने की बात कही।उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में शिविर में उपस्थित भीएलई से अब तक प्राप्त हुए आवेदनों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके ।





### झारखंड खाद दुकान को किया गया सील

**साहिबगंज:** नगर जेएन रॉय रोड स्थित झारखंड खाद दुकान को अपर समाहर्ता राज महेश्वरम द्वारा आज सील किया गया। जिला प्रशासन को यह शिकायत मिली थी कि उक्त दुकान का मालिक दिलीप गोस्वामी द्वारा नकली खाद एवं खाद की कालाबाजारी की जाती है। उक्त शिकायत के आलोक में यह कार्रवाई की गई । जांच कर विधि संवत कार्रवाई की जाएगी।

## वज्रपात से युवक की मौत, दो गंभीर

**लोहरदगा:** कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव में सोमवार शाम लगभग छह बजे वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। कुडू सीएचसी मे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि जोंजरो गांव निवासी मुस्तफा अंसारी अपनी पत्नी गुलशन खातुन तथा बेटा समीउल्लाह अंसारी के साथ जोंजरो के कुसुम चंवरा में धान रोपनी के लिए खेत तैयार कर रहे थे। इसी बीच अचानक तेज कड़क के साथ वज्रपात की घटना खेत में होने से तीनों इसकी चपेट में आ गए। वज्रपात के झटकें से तीनों खेत में गिर पड़े। बगल के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने तीनों को इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद समीउल्लाह अंसारी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बुरी तरीके से झुलसे गुलशन खातुन तथा मुस्तफा अंसारी को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कुडू पुलिस ने बताया कि मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा जायेगा।



### खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट- 2024

# खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : शेफाली गुप्ता

**हजारीबाग:** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से आयोजित खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट- 2024 का हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउंड में सोमवार को विधिवत समापन हुआ। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबला का शुभारंभ किया तथा मुख्य मंच पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कटकमसांडी प्रखण्ड से खुटरा, कटकमदाग प्रखण्ड से बन्हा, दारू प्रखण्ड से जिनगा एवं सदर प्रखण्ड या नगर से मटवारी पहुंची थी। कर्जन ग्राउंड में टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मटवारी एफसी बनाम खुटरा के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें मटवारी एफसी की टीम 1-0 से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला जिंनगा दारू बनाम बन्हा के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें जिंनगा दारू की टीम 1-0 से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम में फाइनल मुकाबला मटवारी एफसी बनाम जिंनगा दारू के बीच खेला गया। इसमें जिंनगा दारू की टीम 1-0 से बालक समूह में फाइनल मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट में अपना परचम लहराया। वहीं बालिका समूह में फाइनल मुकाबला लिटिल बूट एफसी बनाम आवासीय विद्यालय एफसी के बीच खेला गया।

लिटिल बूट एफसी की टीम 1-0 से बालिका समूह में फाइनल मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट में अपना परचम लहराया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखण्ड में खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया था। इसमें लगभग 75 पंचायत की टीमें टूर्नामेंट में भाग लिया। प्रखण्डवार टूर्नामेंट का फाइनल के बाद पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में फाइनल मुकाबला खेला गया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक तथा मानसिक का विकास होता है। युवाओं के उत्थान में मेरी कोशिश जारी है और भविष्य में जारी रहेगी। निर्णायक की भुमिका में वकील कुमार, अशोक कुमार, मुन्ना गुप्ता, शशि शर्मा, विकाश कुमार, ललित उराँव, शशि कुमार दास, अनुज भारती, बब्लू कुमार, जीतेन्द्र कुमार, बिक्कू कुमार, गौरव कुमार, पवन राम एंव कार्तिक राम सरहानीय योगदान दिया। बालक एंव बालिका समूह के फाइनल मुकाबला के बाद पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।



# ईसीबी और क्रिकेट स्कॉटलैंड ओलंपिक 2028 में टीम ग्रेट ब्रिटेन को उतारने की बना रहे योजना

**लंदनः** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट स्कॉटलैंड ने लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेलों में पुरुष और महिला ग्रेट ब्रिटेन (जीबी) क्रिकेट टीमों को मैदान में उतारने की योजना के बारे में बातचीत शुरू कर दी है।

क्रिकेट 1900 के बाद पहली बार ओलंपिक में वापस आएगा, जब पिछले साल के अंत में इसे शामिल किए जाने की पुष्टि की गई थी। विवरण की पुष्टि होना अभी बाकी है, लेकिन आईसीसी ने महिला और पुरुष दोनों प्रतियोगिताओं के लिए छह-टीम टी-20 टूनार्मेंट का प्रस्ताव दिया है, जो लगभग एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है और जो संभवतः एक साथ नहीं बल्कि लगातार खेले जाएँगे।

क्वालिफिकेशन विवरण की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन आईसीसी की टी-20 रैंकिंग का कुछ हद तक उपयोग किया जाएगा। अधिकांश देश अपनी सामान्य शैली में प्रतिस्पर्धा करेंगे, लेकिन अगर इंग्लैंड क्वालीफाई करता है तो वे बाकी ओलंपिक की तरह ग्रेट ब्रिटेन के रूप में खेलेंगे। इससे ब्रैंडन मैकमुलेन या सारा और कैथरीन ब्राइस जैसे कुछ स्कॉटिश खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना खुल जाती है।

ईसीबी और क्रिकेट स्कॉटलैंड ने प्रस्तावित जीबी क्रिकेट टीमों पर एक साथ काम करने के बारे में प्रारंभिक चर्चा की है। क्रिकेट स्कॉटलैंड अपने संचालन में सक्रिय भागीदारी के लिए जोर दे रहा है और खिलाड़ियों और कर्मचारियों का योगदान देने के लिए उत्सुक है, लेकिन ईसीबी टीमों का नामित शासी निकाय होगा।

ईसीबी के प्रवक्ता ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, ₹लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अभी चार साल बाकी हैं, यह अभी




बहुत शुरूआती चरण है, लेकिन हम टीम जीबी और क्रिकेट स्कॉटलैंड से अगले कदमों के बारे में बात कर रहे हैं। एक बार फिर ग्रेट ब्रिटेन के ओलंपियनों ने इस साल पेरिस में अपने कारनामों से राष्ट्रीय कल्पना पर कब्जा कर लिया है, और हम 2028 में ओलंपिक मंच पर क्रिकेट की वापसी पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, इंग्लैंड और वेल्स द्वारा 2026 और 2030 में महिला और पुरुष [टी20] विश्व कप की मेजबानी के साथ, यह खेल को आगे बढ़ाने और अधिक लोगों को क्रिकेट के प्रति प्रेम विकसित करने के लिए प्रेरित करने का एक और शानदार अवसर है। ब्रिटिश ओलंपिक एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंडी एन्सन ने सोमवार को कहा, ₹हमें गोल्फ, रग्बी और महिला फुटबॉल में अच्छा अनुभव है, कि कैसे चार राष्ट्र [इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड] एक साथ आ सकते हैं और एक देश को मुख्य शासी निकाय के रूप में नामित कर सकते हैं और अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि क्रिकेट भी ऐसा ही होगा।₹

एन्सन, जो लंकाशायर के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, ईसीबी इसके केंद्र में होगा। उन्हें क्रिकेट स्कॉटलैंड के साथ मिलकर काम करना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से हो। हम उन्हें एक साथ आने और एक एकल राष्ट्रीय शासी निकाय बनाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर करने में मदद करेंगे, जैसा कि हमने उन अन्य खेलों में किया है। हम उन्हें पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का सदस्य बनाने के लिए ईसीबी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

टीम जीबी आधिकारिक तौर पर ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड ओलंपिक टीम है, और उत्तरी आयरलैंड के एथलीट टीम जीबी या आयरलैंड में से किसी एक के लिए प्रतिस्पर्धा करना चुन सकते हैं। लेकिन चूंकि क्रिकेट का आयोजन पूरे आयरलैंड में किया जाता है, इसलिए मार्क एडेयर और पॉल स्टर्लिंग जैसे उत्तरी आयरलैंड के प्रमुख क्रिकेटरों के टीम जीबी के लिए खुद को नामांकित करने की संभावना बहुत कम है। 2028 ओलंपिक में क्रिकेट आयोजनों के लिए स्थल की पुष्टि अभी नहीं हुई है। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स और मेजर लीग क्रिकेट ने इरविन के ग्रेट पार्क में एक स्टेडियम बनाने की योजना बनाई है, जबकि ओकलैंड कोलिजीयम को भी एक विकल्प के रूप में पेश किया गया है।

## शाहरुख खान ने अपने आइकॉनिक सिग्नेचर स्टेप के बारे में की बात



**जब शाहरुख** का नाम लिया जाता है तो सबसे पहली चीज जो दिमाग में आती है वह है उनका आइकॉनिक सिग्नेचर पोज। जो दोनों हाथ खोले हुए इस स्टेप में शाहरुख का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। ये कदम कैसे लोकप्रिय हुआ इसकी कहानी खुद शाहरुख ने बताई है।


इस तरह शाहरुख का सिग्नेचर स्टेप पॉपुलर हो गयाः हाल ही में लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में शाहरुख को अवॉर्ड देने की घोषणा की गई। उस वक्त दर्शकों से बात करते हुए शाहरुख ने कहा था, "सरोज खान मैडम एक गाने को कोरियोग्राफ कर रही थीं। मैं उनका सिखाया हुआ डांस स्टेप नहीं कर पाया। मैंने पूरी रात उस डांस स्टेप की रिहर्सल की। अगले दिन सरोज मैडम ने मुझसे कहा कि क्या मैं डांस स्टेप मत करो, बस अपने हाथ खोल के खड़े रहो। फिर मैंने वैसा ही किया जैसा मैडम ने कहा था।

**मैं आप सबको पागल कर रहा हूंः शाहरुख :** किंग खान ने एक इंटरव्यू में आगे कहा, मैं एक अलग सेट पर गया था। वहां भी मुझे डांस करने में थोड़ी परेशानी हो रही थी। फिर मैंने कोरियोग्राफर से अनुरोध किया कि क्या मैं अपने हाथ खोल कर के खड़ा रह सकता हूं। जब कोरियोग्राफर सहमत हो गए, तो मैंने डांस किया अधिक भावनात्मक रूप से पोज दिए। इसके बाद मैंने इस पोज को और भी परफेक्ट बना दिया है। मैं इतने सालों से आप सभी को पागल बना रहा हूं। रोमांटिक पोज देने में कुछ खास नहीं है। लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में शाहरुख को पार्डो अला कैरियरा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मेसी अभी इंटर मियामी में वापसी के लिए तैयार नहींः मार्टिनो


**मियामीः** इंटर मियामी के मैनेजर गेरार्डो मार्टिनो ने सोमवार को कहा कि कप्तान लियोनेल मेसी पिछले महीने कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना के लिए खेलते समय लगी टखने की चोट से अभी पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं।

मार्टिनो ने माना कि उन्हें अभी भी नहीं पता कि 37 वर्षीय मेसी कब पूरी तरह से फिट हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह संतोषजनक तरीके से ठीक हो रहे हैं। मार्टिनो ने संवाददाताओं से कहा, वह हमारी उम्मीदों के मुताबिक प्रगति कर रहे हैं। हमें अभी भी नहीं पता कि वह [पहली टीम] समूह के साथ कब जुड़ पाएंगे। फिलहाल, वह अलग से प्रशिक्षण ले रहे हैं।



14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना की कोलंबिया पर 1-0 की जीत के दौरान अपने दाहिने टखने में स्नायुबंधन में खिंचाव के बाद से मेसी ने कोई मैच नहीं खेला है। इंटर मियामी के लिए उनका सबसे हालिया मैच एमएलएस में सेंट लुइस के साथ 3-3 से घरेलू ड्रॉ था। मेसी ने इस साल इंटर मियामी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 15 मैचों में 14 गोल किए हैं और 11 असिस्ट दिए हैं। फ्लोरिडा की यह टीम 25 मैचों में 53 अंकों के साथ एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से पांच अंक आगे है।

## 'खेल-खेल में' बाजी मारने के लिए तैयार हैं अक्षय कुमार



**अक्षय कुमार** अपनी फिल्म 'खेल-खेल में' के साथ शानदार वापसी के लिए तैयार हैं और इसके कई कारण हैं। फिल्म 'खेल-खेल में' का पहला प्रोमो पहले ही काफी चर्चा में हैं। 15 अगस्त के लंबे वीकेंड पर रिलीज होने वाली यह फिल्म दर्शकों को अक्षय की विशिष्ट हास्य और आकर्षण के साथ छुट्टियों का आनंद लेने का मौका देगी। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है।

'खेल-खेल में' का वादा है कि यह अक्षय की हालिया फिल्मों से अलग होगा। ट्रेलर को शानदार प्रतिक्रिया मिली है और कई लोगों ने इसे अक्षय की बड़ी वापसी करार दिया है। खास बात तो यह है कि इस बार अक्षय ने एक खास स्ट्रेटजी अपनाई है। उन्होंने 'खेल खेल में' के कंटेंट और कास्ट को मुख्य केंद्र में रखा है। पोस्टर लॉन्च और पहले दो गाने रिलीज में उनकी न्यूनतम उपस्थिति यह स्पष्ट संदेश देती है कि फिल्म का कंटेंट ही प्रमुख है और उन्हें इसकी सफलता पर पूरा भरोसा है।

यह टी-सीरीज फिल्म वकाओ फिल्म्स और ङङट फिल्म प्रोडक्शन की एक फिल्म है, जिसका निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। इसका निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अश्विन वर्दे, विपुल डी. शाह, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा, और अजय राय ने किया है। यह फिल्म 15 अगस्त को पूरे देश में रिलीज होगी।

## जूनियर एनटीआर ने 'देवरा' के नए गाने 'आयुध पूजा...' की शूटिंग शुरू



**जूनियर** एनटीआर के देवरा का नया अपडेट सामने आ गया है। उनके नए गाने 'आयुध पूजा' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है और यह फिल्म का एक प्रमुख आकर्षण होगा। प्रतिभाशाली अनिरुद्ध रविचंदर की रचित, 'आयुध पूजा' एक एनर्जेटिक गाना होने का वादा करता है, जो फिल्म का सार दिखाता है। प्रसिद्ध गणेश आचार्य के कोरियोग्राफ किए गए 'आयुध पूजा' को हैदराबाद में बड़े पैमाने पर फिल्माया जा रहा है, जिसमें चार सौ से अधिक डांसर और तीन सौ कलाकार शामिल होंगे और छह दिन तक फिल्मांकन चलेगा। अनिरुद्ध रविचंदर के संगीत में आयुध पूजा में सैफ अली खान, श्रीकांत, प्रकाश राज और कलैयारासन के साथ मैन ऑफ मास शामिल हैं। गाने की शूटिंग से एक तस्वीर शेयर करते हुए निमार्ताओं ने बताया, आयुध पूजा...फिल्मांकन जारी है। #देवरा तो सिनेमा प्रेमियों तैयार हो जाइए, क्योंकि 'देवरा' आ रहा है, और 'आयुध पूजा' तो बस आतिशबाजी की शुरूआत है। इससे पहले, फिल्म के निमार्ताओं ने दो गाने रिलीज किए थे, जो एक दूसरे से बिलकुल अलग हैं। जो एनटीआर जूनियर के किरदार की झलक दिखाता है, जबकि दूसरा उनके रोमांटिक पहलू और एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच की शानदार केमिस्ट्री को उजागर करता है। फिल्म देवरा का भाग 1 रिलीज के लिए तैयार है, जो 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म कोराताला शिवा की निर्देशित और युवसुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स की निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम की प्रस्तुति है।



## खुशी कपूर ने खरीदी करोड़ों की लग्जरी कार

**बोनी** कपूर और श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर हमेशा खबरों में रहती हैं। खुशी कपूर बॉलीवुड की सबसे हॉट स्टार किड्स में से एक हैं। उन्होंने अगस्त्य नंदा, सुहाना खान जैसे अभिनेताओं के साथ 'द आर्चीज' में अभिनय किया, लेकिन ये फिल्म फ्लॉप रही। अब खुशी कपूर ने एक लग्जरी कार खरीदी है। खुशी कपूर को उनकी लाल रंग की कार के साथ स्पॉट किया गया। जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी ने मर्सिडीज बेंज जी 400डी कार खरीदी है, जिसकी कीमत 2.5 करोड़ रुपये है। अब फैंस खुशी को बधाई दे रहे हैं। खुशी कपूर हैं। दोनों एक दूसरे को सपोर्ट करते नजर आ रहे हैं। खुशी की नई कार में पारंपरिक सीढ़ी फ्रेमिंग है तो एक विशेष जी-मोड ऑफ-रोड ड्राइविंग सेटअप को पूरा करता है। कार में एक नया जी 400डी एडवेंचर एडिशन है। यह डिजाइन विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार में स्लाइडिंग सनरूफ, बर्मेस्टर साउंड सिस्टम, 64 कलर लाइटिंग जैसे खास फीचर्स भी शामिल हैं। मर्सिडीज-बेंज भारत की सबसे पुरानी लग्जरी ऑटोमोबाइल निमार्ता है।

## क्रिकेट वेस्टइंडीज से अलग होंगे जॉनी ग्रेव्स



**नई दिल्लीः** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के लंबे समय से सीईओ रहे जॉनी ग्रेव्स ने संगठन से नाता तोड़ लिया है। वह अक्टूबर के अंत तक सीडब्ल्यूआई छोड़ देंगे।

उन्होंने कहा, यह सही समय है कि कोई नया व्यक्ति नई ऊर्जा के साथ संगठन का नेतृत्व करे और इस महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखे तथा मौजूदा मजबूत नींव पर काम करे।

सीडब्ल्यूआई ने कहा कि वह अगले सीईओ का चयन करने के लिए एक व्यापक भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा।

ग्रेव (48), जो फरवरी 2017 से इस पद पर हैं, ने क्रिकबज को बताया, मैं चाहता था कि मैं सीडब्ल्यूआई को गवर्नेंस रिफॉर्म पर और अधिक प्रगति करने और वेहबी रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने में मदद कर पाता, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक न्यायसंगत मॉडल के साथ आईसीसी स्तर पर अधिक प्रगति कर पाता और विशेष रूप से जमीनी स्तर पर क्रिकेट के लिए सीडब्ल्यूआई को नया राजस्व लाने के लिए और अधिक काम कर पाता, जो वेस्टइंडीज में खेल के दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

अपने सात साल के कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बोर्ड और खिलाड़ियों के बीच संबंधों को काफी बेहतर बनाया। हाल ही में, उन्होंने सीडब्ल्यूआई और वेस्टइंडीज प्लेयर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूआईपीए) के बीच एक समझौता ज्ञापन की सुविधा प्रदान की, जो खिलाड़ियों को आईपीएल और सीपीएल टूर्नामेंट के लिए निर्दिष्ट विंडो की गारंटी देता है। इसके अतिरिक्त, यह समझौता 2027 तक पुरुष और महिला खिलाड़ियों के बीच वेतन समानता सुनिश्चित करता है।

उनके नेतृत्व में, सीडब्ल्यूआई ने तीन आईसीसी वैश्विक आयोजनों की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिनमें 2018 में महिला विश्व टी20, 2022 में अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप और हाल ही में पुरुष टी20 विश्व कप शामिल है।

चुनौतीपूर्ण कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी भूमिका की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के सहयोग से, उन्होंने बायोसिक्योर क्रिकेट मॉडल का बीड़ा उठाया, जिसने इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को फिर से शुरू करने में सक्षम बनाया। उन्होंने सीडब्ल्यूआई, सीपीएल और फ्रेंचाइजी के बीच एक अच्छा समीकरण स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष डॉ किशोर शालो ने कहा, जॉनी के प्रयासों, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, साथ ही तीन विश्व कप की सफलतापूर्वक मेजबानी ने सीडब्ल्यूआई पर एक स्थायी प्रभाव डाला है। सराहनीय रूप से, संगठन ने उनके कार्यकाल के दौरान कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। एक असाधारण उपलब्धि कूलिज क्रिकेट ग्राउंड का अधिग्रहण और पूर्ण स्वामित्व है, जो अब हमारा मुख्यालय है और हमारी पुरुष और महिला अकादमियों का घर है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका में भूकंप से हिली धरती, दक्षिणी कैलिफोर्निया के लाखों लोग प्रभावित

**लॉस एंजिल्सः** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में सोमवार दोपहर लगे भूकंप के झटकों से लाखों लोग प्रभावित हुए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 तीव्रता आंकी गई। इस दौरान कहीं से भी कोई बड़ी क्षति की सूचना नहीं मिली। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप दोपहर 12:20 बजे आया। यह लॉस एंजिल्स शहर से लगभग पांच मील उत्तर-पूर्व में पासाडेना के ठीक बाहर केंद्रित था। भूकंप विज्ञानी सुसान हफ ने कहा, भूकंप के समय वह पासाडेना में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में थे। ₹यह स्पष्ट रूप से चौंकाने वाला झटका था। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इसके दो बाद 2.1 तीव्रता का झटका आया। यह झटका बेकर्सफील्ड, सैन डिएगो और जोशुआ ट्री नेशनल पार्क में 100 मील से अधिक दूर तक महसूस किया गया। इस भूकंप का केंद्र पूर्वोत्तर लॉस एंजिल्स के एक छोटे से इलाके एल सेरेनो में था।

### मुख्यमंत्री योगी ने तिरंगा यात्रा को किया रवाना



**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा निकालने वाले उत्साही कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दी और भरोसा जताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी घरों पर तिरंगा लहराया जाएगा। उनके साथ इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। यात्रा रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि दो वर्ष पहले आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़कर पंच प्रण का संकल्प लिया था। हर घर तिरंगा के माध्यम से भारत के आन, बान, शान का प्रतीक तिरंगा लहराने का काम किया था। मुझे प्रसन्नता है कि 2022-23 में उत्तर प्रदेश में 5 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा लहराने का कीर्तिमान स्थापित किया था। गत वर्ष भी अमृत कल के प्रथम वर्ष में उत्तर प्रदेश में लगभग साढ़े चार करोड़ घरों पर तिरंगा लहराया गया था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा का संकल्प लिया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करता हूं। पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस अभियान के सहभागी बन रहे हैं। युवा मोर्चा के उत्साही कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्राएं निकाल रहे हैं। तमाम सामाजिक सांस्कृतिक संगठन द्वारा भी इस अभियान में सहभागिता की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक है। आज हम सब लखनऊ महानगर की तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर एक बार फिर से आपके इस उत्साह के लिए हृदय से अभिनंदन करता हूं। पुरी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उम्मीद करता हूं कि 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी घरों पर तिरंगा होगा।

### कानपुर में बनेगी दो हाईटेक नर्सरी



**कानपुरः** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार उद्यान विभाग के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जनपद में दो अत्याधुनिक पौध शाला उत्पादन केन्द्र (हाईटेक नर्सरी) खोलने की योजना तैयार की है। इसके लिए सभी जिला उद्यान अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इसके लिए स्थान सुनिश्चित किया जाय। यह जानकारी मंगलवार को ?कानपुर जिला उद्यान अधिकारी डॉ.बलदेव प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि हाईटेक नर्सरी का निर्माण एवं संचालन पीपी मॉडल किया जाएगा। जिसमें उद्यान विभाग और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत दो स्वयं सहायता समूहों को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके लिए उद्यान विभाग कानपुर जनपद में मौजूद विभाग की जमीनों में दो स्थान उपलब्ध कराएगा। हालांकि अभी यह निर्धारण नहीं हो पाया है कि किस स्थान पर हाईटेक नर्सरी का निर्माण कराया जाएगा। अत्याधुनिक पौध शाला में तैयार होने पौध जनपद के किसानों को रियायती दर से पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि किसान बीज उपलब्ध कराएगा तो उसे और कम दाम पर पौध तैयार होने के बाद दिए जाएंगे। इस पौध शाला में सभी प्रकार के पौधे तैयार किए जाऐंगे। जैसे बैंगन, गोभी, आलू, मिर्च, सभी प्रकार की सब्जियों के पौधे और सभी प्रकार के फूल एवं फलदार एवं अन्य देने वाले पौधे तैयार करके किसानों सहित समाज को उपलब्ध कराया जाएगा। अत्याधुनिक पौध शाला का संचालन कराने वाले समूह में काम करने वाले सदस्यों के लिए आय के साधन उपलब्ध कराने की योजना है।

### सिम्स बिलासपुर की एमबीबीएस की 30 सीटों की मान्यता रद्द



**बिलासपुर/रायपुरः** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर की एमबीबीएस की 30 सीटों की मान्यता रद्द कर दी है। इस वजह से मौजूदा सत्र में मेडिकल कॉलेज में 180 की जगह केवल 150 सीटों पर ही एमबीबीएस के लिए एडमिशन होगा। एनएमसी ने यह निर्णय डॉक्टरों और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लिया है । सिम्स प्रबंधन के अनुसार इस सम्बन्ध में एनएमसी से सिम्स प्रबन्धन को पत्र मिला है । पत्र के अनुसार, सत्र 2024 25 में 150 सीटों पर ही एमबीबीएस के लिए स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। इसमें 10 प्रतिशत सीट ईडब्ल्यूएस के होंगे। ज्ञात हो कि सिम्स में 180 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई हो रही थी। इसमें 150 सीटें सेंट्रल और स्टेट कोटे की तो 30 सीटें ईडब्ल्यूएस की थी। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में स्थित एक मेडिकल कॉलेज है जिसकी स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। यह कॉलेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर से संबद्ध है और इसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से मान्यता प्राप्त है।

# आरजीकर वारदात में कितने लोग शामिल हैं,समझने के लिए डीएनए टेस्ट

**कोलकाताः** कोलकाता के आरजी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने आरोपित सिविक वॉलंटियर को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी है। इस बीच आंदोलन कर रहे डॉक्टरों का दावा है कि नशे में धुत्त एक व्यक्ति के लिए डॉक्टर की इतनी निर्मम हत्या कर पाना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पुलिस को रविवार तक का समय दिया है। अगर तब तक जांच संतोषजनक नहीं रही तो वह सीबीआई को जांच सौंप देंगे। इस बीच कोलकाता पुलिस की ओर से गठित एसआईटी के उच्च पदस्त एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया है कि गिरफ्तार किए गए सिविक वॉलिंटियर संजय राय के डीएनए समेत अन्य सैंपल्स को फोरेंसिक और डीएनए टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। इससे स्पष्ट हो पाएगा कि इसमें एक से अधिक लोग शामिल थे या नहीं।



आरोपित के डीएनए सैंपल को जांच के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही, पुलिस विभिन्न सीसीटीवी फुटेज की जांच कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपित अकेला था या उसके साथ अन्य लोग भी थे। शुरूआती जांच से संकेत मिल रहे हैं कि इस घटना को अकेले अंजाम देना आरोपित के लिए कठिन हो सकता है, इसलिए पुलिस अन्य संदिग्धों की भी जांच कर रही है।

जांच के दौरान सोमवार को एक महिला को भी पूछताछ के लिए लालबाजार बुलाया गया था। इसके अलावा, पुलिस ने उन पांच लोगों से भी पूछताछ की है जो आरोपित के करीब थे। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह पहले कभी सेमिनार हॉल में नहीं गया था और उस दिन ऑपरेशन थिएटर की तलाश में था क्योंकि उसके किसी परिचित का ऑपरेशन होना था। वहीं उसे महिला डॉक्टर मिली और उसने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद, आरोपित अपने बैरक में वापस चला गया।

मृतका के परिवार ने पुलिस को बताया है कि पहले उन्हें अस्पताल से फोन कर बताया गया था कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। बाद में यह मामला हत्या का निकला और फिर रेप की संभावना भी सामने आई।

अस्पताल की भूमिका की जांच होगीः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सोमवार को मृतका के परिवार से मुलाकात की और इस बात की जांच के निर्देश दिए कि आखिर क्यों पहले इसे आत्महत्या का मामला बताया गया। पुलिस ने पूछताछ के लिए सात डॉक्टरों को भी लालबाजार बुलाया, जो घटना के दिन ड्यूटी पर थे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि कहीं आरोपित के साथ कोई और भी तो नहीं था। इस दिशा में सभी फ्लोर के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। मृतका के परिवार को संदेह है कि इस घटना के पीछे किसी षड्यंत्र हो सकता है, और कोई व्यक्ति पैसे देकर इस अपराध को अंजाम दिलवा सकता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि अगर कोलकाता पुलिस पांच दिनों के भीतर इस मामले में 'उल्लेखनीय प्रगति' नहीं दिखा पाती, तो वह मामले की जांच सीबीआई को सौंप देंगी। इसी वजह से कोलकाता पुलिस ने जांच में तेजी लाई है और इसके लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है, जिसमें अब 12 सदस्य शामिल हैं। पुलिस ने आरोपित के आपराधिक इतिहास की भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपित और मृतका दोनों के मोबाइल फोन से डेटा जुटाया है और अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज को भी कब्जे में ले लिया है। अब पुलिस मामले की हर संभव कोण से जांच कर रही है ताकि जल्द से जल्द सच्चाई सामने आ सके।

# हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों में बाढ़ का खतरा, 18 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट



**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में मंगलवार को बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीती रात कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी 18 अगस्त तक प्रदेश में मानसून के सक्रिय बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और शिमला में बाढ़ का खतरा जताया है। इन जिलों में बाढ़ आने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है। दो दिन पहले ऊना और सिरमौर जिलों में बाढ़ ने तबाही मचाई थी। राज्य में विगत एक सप्ताह में हुई व्यापक वर्षा से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार भूस्खलन से प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 197 जड़कें अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 211 बिजली के ट्रांसफार्मर व 143 पेयजल परियोजनाएं भी ठप्प हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 66 सड़कें भूस्क्षलन से बंद हैं। सिरमौर में 58, मंडी में 33, कुल्लू में 26, किन्नौर में पांच, कांगड़ा व लाहौल-स्पीति में चार-चार सड़कों पर आवाजाही बाधित है। इसके अलावा कुल्लू में नेशनल हाईवे-305 और किन्नौर में नेशनल हाईवे-पांच भी ठप है। वहीं बिजली ट्रांसफार्मर की बात करें तो ऊना में 118, मंडी में 45, कुल्लू में 34, हमीरपुर में छह, सोलन में चार, चंबा में 3 और किन्नौर में एक ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। भारी वर्षा से बिलासपुर में 60 पेयजल परियोजनाएं बाधित हुई हैं। इसी तरह शिमला में 33, कुल्लू में 29, लाहौल-स्पीति में सात, सिरमौर में 11, उना में दो और चंबा में एक पेजयल परियोजना ठप हुई है।

प्रदेश में मानसून सीजन के पिछले 47 दिनों में हुई बारिश, भूस्खलन व बाढ़ से हुई क्षति एक हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार लोकनिर्माण विभाग को 436 करोड़, जलशक्ति विभाग को 403 करोड़ और बागवानी विभाग को 139 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। मानसून के दौरान वर्षा से जुड़े हादसों में 194 लोगों की मौत हुई और 33 लापता हैं। इसके अलावा 328 लोग घायल हुए हैं। बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से राज्य भर में 108 घर, 26 दुकानें और 237 पशुशालाएं ध्वस्त हुईं, जबकि 264 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

## राज्यपाल की सुरक्षा में पिता की वर्दी पहनकर पहुंचा चौकीदार पुत्र



**पूर्वीचंपारणः** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मोतिहारी पहुंचे राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की सुरक्षा में बड़ी चूक होने का मामला सामने आया है। दरअसल राज्यपाल की सुरक्षा में घोड़ासहन के एक चौकीदार रामजतन यादव की ड्यूटी लगी थी,जो स्वयं ड्यूटी करने के बजाय अपने पुत्र जय प्रकाश राय को अपना वर्दी देकर ड्यूटी करने भेज दिया था।

यह मामला पकड़ में तब आया जब उसने ही सेल्फी लेकर तस्वीर को सोशल मीडिया में डाल दिया। जो फिलवक्त वायरल है,और लोग इस वाकया को राज्यपाल की सुरक्षा में चूक होना बताते हुए तरह तरह के कॉमेन्टस कर रहे है। लोगो का मानना है,कि राज्यपाल के कार्यक्रम में कैसे किसी सुरक्षाकर्मी की जगह उसका बेटा ड्यूटी करने पहुंच गया। क्या यह सुरक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही नही है? वहीं इस मामले में मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने कहा है कि मामले की जांच करा कर समुचित कारवाई की जायेगी।


# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्लीः** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिका में होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्लूपीआई) और कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) के आंकड़े कल आने वाले हैं। महंगाई के इन आंकड़ों के आने के पहले अमेरिकी बाजार में निवेशक काफी संभल कर कारोबार कर रहे हैं। इसी वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 140 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.23 अंक यानी 0.002 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 5,344.39 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,780.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,210.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 17,726.47 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,250.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशिया में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 21,743.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.20 प्रतिशत फिसल कर 2,612.96 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,292.91 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.07 प्रतिशत फिसल कर 2,856.09 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.13 प्रतिशत उछल कर 24,374.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स भी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,128.78 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 888.23 अंक यानी 2.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 35,913.23 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,262.92 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,347.47 अंक के स्तर तक पहुंच गया है।

## महंगा हुआ सोना, चांदी की कीमत में गिरावट



**नई दिल्लीः** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोने में तेजी का रुख नजर आ रहा है, जबकि चांदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। सोना आज 250 से 300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 70,740 रुपये से लेकर 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 64,860 रुपये से लेकर 64,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कमजोरी आने की वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज 82,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 70,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 64,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 64,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 70,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 64,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 70,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 64,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 70,640 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 64,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 70,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 64,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला तिरंगा यात्रा

**चान्हो :** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई इस यात्रा का नेतृत्व मंडल युवा मोर्चा महामंत्री राजीव गुप्ता और अध्यक्ष मुकेश सोनी ने किया। यह तिरंगा यात्रा माण्डर विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान चान्हो मुख्यालय से निकाली गई,और बीजूपाड़ा स्थित शहीद स्मारक सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त हुआ। यात्रा का मकसद के बारे बतलाते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालने और स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है ।सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की । यात्रा में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी एस टी मोर्चा के प्रो रामनारायण भगत भी शामिल हुए। सैकड़ो मोटरसाइकिल से भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् का नारा लगाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए। मौके पर भाजपा नेत्री नीतू कुजुर, मंडल अध्यक्ष विजय महतो, किसान मोर्चा के कैलाश प्रसाद गुप्ता, सतीस शाह,अरविन्द सिंह, आशीष वर्मन, शशिकांत सिंह , विजय सोनी, रिद्धि राज, आशीष वर्मन , बिजुपडा मण्डल अध्यक्ष सतानंद सिह, मंडल अध्यक्ष विजय महतो, दीपक पांडेय, हेमन्त शाही , सुनील उरांव, पुण्य उरांव, राजू उरांव समेत विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से मिला मुखिया संघ

**मांडरः** अन्याय के विरुद्ध लड़ाई में मांडर मुखिया संघ अभी तक डटे हुए है। जबकि इतना समय बीत जाने के बाद भी मांडर के सरवा पंचायत की मुखिया प्रभा किस्पोट्टा के गलत तरीके से किए गए निलंबन वापस नहीं लिया गया है जिसको लेकर भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में मुखिया संघ ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से मुलाकात की। उन्हें बताया गया कि एक आदिवासी महिला मुखिया को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है, गलत आरोपों के आधार पर प्रभा किस्पोट्टा को बिना सूचना के शक्तिहिन कर पद से हटा दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना और पंचायती राज निदेशक को बुलाकर इस मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर लक्ष्मण भगत, गोपाल उरांव, भोला उरांव, नीरज उरांव, जतरू उराव, शंकर उरांव व अन्य उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**जामाः** प्रखंड के सभी 31 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिधर मिश्रा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें थीम इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढावा देना विषय पर स्वास्थ्य विभाग एवं सिनी संस्था के सयुंक्त पहल से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गयी। जिसमें सीएचओ, एएनएम, सहिया साथी एवं स्कुल शिक्षक के सहयोग से सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता रैली निकाली गयी। इसमें किशोर- किशोरियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सीएचओ यमुना कुमारी, अग्नेष मरांडी, तरुण कांति किंडो, सुशाना हांसदा, महिला हेमब्रम, अरुणा किरण मुर्मू , मुहीला हेंब्रम, ज्योति कुमारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आयोजित बैठक संपन्न



**जामाः** भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त जामा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष राजू दर्वे एवं चुटोबेदिया मंडल अध्यक्ष दुर्योधन राय की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई. मंडल की बैठक में भाजपा नेता सुरेश मुर्मू, विमल मरांडी हर घर तिरंगा अभियान के प्रभारी जिलामंत्री कालेश्वर लायक एवं भाजयुमो के जिला अध्यक्ष रुपेश कुमार मंडल उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए रूपेश मंडल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार 12 एवं 13 अगस्त को विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन करना है तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण करना है, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस है जो जिला मुख्यालय में होना है। सुरेश मुर्मू ने कहा सभी घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाए तथा प्रत्येक बूथ पर भी तिरंगा फहरना है, प्रत्येक घरों में तिरंगा लगे इसकी चिंता कार्यकर्ताओं को करनी है। सभी बूथ पर झंडा संगठन के द्वारा भेज दिया गया। बैठक में मनोज हांसदा, किशोर मंडल,खिरू सिंह, प्रमोद यादव, विजय कुमार, अशोक मंडल , दुर्योधन राय ,मनोहर राय, प्रफुल मांझी, धन्नजय यादव, अजित पंडित, सुनिल कुमार, प्रेम कुमार यादव, संतोष कुमार, यादव ,कुमोद यादव ,अमरनाथ मंडल ,सुनील कुमार ,नरायण मरीक, शिवू राय, सुधीर पंडित आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने किया जनता दरबार का आयोजन

# सुनीं लोगों की समस्याएं, जल्द समाधान का दिया आश्वासन



**मेट्रो रेज**

**सिमडेगाः** आम जनमानस की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा, अजय कुमार सिंह ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त के जनता दरबार में अबूआ आवास, पदस्थापन, छात्रवृत्ति राशि मुहैया कराने, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति कराने एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये।

उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

### भाजपा एसटी मोर्चा मंत्री ने चलाया जनसंपर्क अभियान

## राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्तः मुनेश्वर तिर्की



**कोलेबिरा :** भाजपा जिला एसटी. मोर्चा मंत्री मुनेश्वर तिर्की द्वारा कोलेबिरा विधानसभा के शाहपुर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि 13 अगस्त को हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जिला स्तर पर महिला मोर्चा के द्वारा समाहरणालय में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा. हेमंत की सरकार में जिले की माताएं, बहने सुरक्षित नहीं है. महिला सशक्तिकरण के नाम पर राज्य में बलात्कार, हत्या जैसी घटनाएं घटित हो रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है. इन्ही सभी कारणों के कारण कल 13 अगस्त को भाजपा महिला मोर्चा, कार्यकर्ता सभी प्रखंडों से जिला में इकठ्ठा हो रहीं हैं, आप सभी भी अपनेझ्अपने क्षेत्र की महिलाओं के साथ आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लें. उन्होंने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा किए। मौके पर सखी लोहरा, सुरेंद्र लोहरा, पूनम देवी, शकुंतला देवी, संदीप महतो, बंधनि देवी, मुनि देवी मौजूद रहीं।भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी, सिमडेगा।

### सावन माह की चौथी सोमवारी

## पंडित हाता स्थित शिव मंदिर में भोलेनाथ का हुआ रूद्राभिषेक



**चक्रधरपुर :**बाबा बड़े दयालु हैं, बाबा बड़े कृपालु हैं, बाबा का हो आशीर्वाद तो बन जाता है सारा काम। पंडित हाता स्थित शिव मंदिर में भक्तों की विशेष भीड़ रही। सावन माह के चौथी सोमवारी को प्रातःकाल से ही मंदिर प्रांगण में भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भोलेनाथ के जय-जयकारा से पुरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। विशेष पूजाअर्चना और रूद्राभिषेक के समय भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस अवसर पर भक्तजनों और श्रद्धालुओं की सूधि लेने के लिए मंदिर प्रांगण में गिरीराज सेना के प्रमुख उमा शंकर गिरी अन्य संस्था के लोगों के साथ उपस्थित होकर श्रद्धालुओं की सूधि लेते रहें और विशेष पूजा अर्चना के समय भी मुख्य रूप से उपस्थित थें। वहीं बनारस से आचार्य की उपाधि लेने वाले अनन्त पाठक मंदिर में विशेष रूप से पूजा अर्चना किया और रूद्राभिषेक भी। वैदिक मंत्रोचारण एवं भोलेबाबा के पूजा से पुरा क्षेत्र गुंजायन रहा। गौरतलब हो कि यूँ तो पंडित हाता स्थित इस मंदिर में सालों भार भक्तों और श्रद्धालुओं का आगमन लगा रहता है किन्तु सावन माह में भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा अर्चना श्रद्धा, आस्था और निष्ठा का अनुपम स्थल बन जाता है।

## एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता



**दुमकाः** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में सोमवार को एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सोमवार को आयोजित निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ज्ञात हो यूजीसी के निदेर्शानुसार विवि में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है इसके तहत विवि कैंपस में 12-17 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है. इस पुरे सप्ताह में कल सोमवार को छात्रों के बीच निबंध और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, आज 13 अगस्त को छात्रों के बीच पोस्टर और लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# मनोज कुमार को मिला उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का अतिरिक्त प्रभार

### श्री कुमार महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव है





**बिनय मिश्रा**

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा 2007 बैच के लोकप्रिय और अपने कार्यों के प्रति सदैव निरंतर सतत प्रयत्नशील रहने वाले आईएएस अधिकारी मनोज कुमार को महिला बालविकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में सचिव का दायित्व भी मिला है। गौरतलब हो कि श्री कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा के लोकप्रिय एवं तेज तर्रार और कर्मठ अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं। इसी के फलस्वरूप इनके कुशल प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए इन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। श्री कुमार जहां भी जिस विभाग में रहे हैं अपने बेहतर और उत्कृष्ठ कार्यप्रणाली से विभाग को बेहतर पहचान भी दी है। श्री कुमार बोकारो के उपायुक्त एवं धनबाद नगर निगम के आयुक्त भी रह चुके हैं। इसके अलावे श्री कुमार झारखण्ड के पांचवें प्रमण्डल कोल्हान में 24वें आयुक्त के रूप में 16 नवम्बर 2021 से लेकर 6 मार्च 2024 तक पदस्थापित रहें। अपने पदस्थापना काल के दौरान इनके बेहतर कार्य का ही यह परिणाम है कि कोल्हान में लोकप्रिय आयुक्त के रूप में इनकी सशक्त पहचान रही। इसके बाद उन्हें सचिव महिला बालविकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का दायित्व सौंपा। इस विभाग में भी उनके द्वारा बेहतर कार्यप्रणाली का ही यह परिणाम है कि अपने पदस्थापनाकाल के बाद विभाग को भरपुर विकास गति दी और उन्हें 11 अगस्त को उन्हें अतिरिक्त प्रभार के रूप में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का सचिव पद का दायित्व भी दिया गया है। ऐसे आईएएस से विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

मांडर-अन्याय के विरुद्ध इस लड़ाई में मांडर मुखिया संघ अभी तक डटे हुए है। जबकि इतना समय बीत जाने के बाद भी मांडर के सरवा पंचायत की मुखिया प्रभा किस्पोट्टा के गलत तरीके से किए गए निलंबन वापस नहीं लिया गया है जिसको लेकर भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में मुखिया संघ ने सोमवार को झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से मुलाकात की। उन्हें बताया गया कि एक आदिवासी महिला मुखिया को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है, गलत आरोपों के आधार पर प्रभा किस्पोट्टा को बिना सूचना के शक्तिहिन कर पद से हटा दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना और पंचायती राज निदेशक को बुलाकर इस मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर लक्ष्मण भगत, गोपाल उरांव, भोला उरांव, नीरज उरांव, जतरू उराव, शंकर उरांव व अन्य उपस्थित थे।

# भारत स्काउट एवं गाइड संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक उत्तम प्लेटफार्मः संयुक्त निदेशक

**मेट्रो रेज**

**दुमकाः**भारत स्काउट एवं गाइड संस्था,दुमका के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा नवपदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमण्डल,दुमका डॉ गोपाल कृष्ण झा को दुमका में पुष्प गुच्छ प्रदानकर, शाल ओढ़ाकर एवं स्कार्फ पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। दुमका में स्वागत से अविभूत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, डॉ गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि पूरे संथाल परगना प्रमण्डल में शैक्षणिक माहौल उच्च कोटि का रहे। डा गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक उत्तम प्लेटफार्म है। डॉ0 झा ने कहा कि स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में नैतिक उत्थान के साथ साथ समाज सेवा एवं देश सेवा का नीवं डालता है। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने




कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड का यूनिट सभी विद्यालयों में अवश्य होनी चाहिए।मौके पर उपस्थित भारत स्काउट एवं गाइड, दुमका के वरीय उपसभापति दिवाकर महतो ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक को स्वागत एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवपदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के मार्गदर्शन में पूरे संथाल परगना प्रमण्डल में शैक्षणिक उत्थान के साथ साथ स्काउट एवं गाइड का भी उत्थान होगा। भारत स्काउट एवं गाइड, दुमका के मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी ने नवपदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा को दुमका में स्वागत एवं सम्मानित करते हुए कहा कि नवपदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के मार्गदर्शन में दुमका जिला के साथ साथ पूरे संथाल परगना प्रमण्डल में शैक्षणिक माहौल में सुधार के साथ साथ भारत स्काउट एवं गाइड का भी उत्तरोत्तर विकास होगा। सक्रिय सदस्य एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक को अभिनन्दन कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा के रूप में संथाल परगना प्रमण्डल के शैक्षिक जगत को एक रत्न मिला है जिनके कुशल एवं अनुभवी मार्गदर्शन में पूरे संथाल परगना प्रमण्डल के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास एवं कल्याण होगा।जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी स्काउट एवं गाइड को पूर्ण विश्वास है कि हमलोगों के अभिभावक क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का मार्गदर्शन, स्नेह एवं आशीर्वाद स्काउट एवं गाइड को हमेशा मिलता रहेगा, ताकि स्काउट एवं गाइड का सर्वांगीण विकास हो सके। भारत स्काउट एवं गाइड,दुमका के जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार ने कहा कि नवपदस्थापित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के आशीर्वाद से भारत स्काउट एवं गाइड दुमका विकास की एक लम्बी लकीर खीचेगा। मौके पर भारत स्काउट एवं गाइड, दुमका के वरीय उपसभापति दिवाकर महतो,मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी, सक्रिय सदस्य डॉ0 दिलीप कुमार झा,जिला सचिव विजय कुमार दूबे, एवं जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार उपस्थित थे।